दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




डेनियल से सनी ने दूसरी बार..........



सीता के किरदार में आएंगी नजर .........


वर्ष : 10 | अंक : 323 | लखनऊ, 06 नवम्बर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# औरंगजेब ने देश को लूटा और मंत्री आलमगीर ने झारखंड को

## हेमंत सरकार पर योगी के तीखे प्रहार

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी राज्य झारखंड के कोडरमा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री दिन में क्रमशः हजारीबाग और जमशेदपुर में दो और पार्टी रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। योगी ने अपने मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की ओर इशारा करते हुए झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करते हुए कहा कि आलम ने औरंगजेब की तरह ही राज्य को लूटा। कथित टेंडर घोटाले में गिरफ्तार किए गए आलम ने इस साल जून में इस्तीफा दे दिया था।

सीएम ने कहा कि पहले औरंगजेब ने देश को लूटा था, उसने देश के पवित्र मंदिरों को नष्ट किया था और अब क्या हो रहा है, झारखंड में एक आलमगीर आलम हैं पूर्व मंत्री और जेएमएम नेता जिनके घर में नकदी का ढेर मिला, इससे बुरा कोई नहीं हो सकता , इससे भी ज्यादा लूट। भाजपा देश की सुरक्षा, स्वाभिमान, रोजगार, महिला सशक्तिकरण की गारंटी है। विकास और विरासत के बीच समन्वय की गारंटी भी भाजपा है। आज आप पीएम मोदी का नेतृत्व देख रहे हैं। आपने भी देखा होगा। अयोध्या में 500 साल बाद दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। यह चुनाव उन लोगों को जवाब देने का समय है जिन्होंने राज्य की जनता को धोखा दिया है। देश की जनता ने कांग्रेस को शासन करने का मौका दिया, लेकिन क्या उन्होंने कभी कोई योजना ईमानदारी से चलाई ? मोदी जी ने अनुच्छेद 370 (जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा) हटा दिया, जो दर्द कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने कश्मीर को दिया था। उन्होंने कहा कि 'माफियाओं का एकमात्र इलाज भाजपा है, पहले उत्तर प्रदेश में माफियाओं के डर का माहौल था, लेकिन जब से प्रदेश में माफियाओं का बुलडोजर गरजा है, हर अपराधी संत बन गया है या खत्म हो गया है।

## उत्तर प्रदेश में डीजीपी की नियुक्ति को लेकर बदला नियम, योगी कैबिनेट की मंजूरी भी मिली

उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और मुख्य सचिव की नियुक्ति में यूपीएससी नियम का पालन नहीं करेगी। सोमवार को देर रात हुई कैबिनेट बैठक में, योगी आदित्यनाथ सरकार ने नियुक्ति नियमों में संशोधन किया और सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा डीजीपी के स्वतंत्र और पारदर्शी चयन के लिए नियमों के एक नए सेट को मंजूरी दी। इसके साथ ही सरकार अब डीजीपी की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) पैनल को नाम नहीं भेजेगी।

# अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर राहुल गांधी, दिशा बैठक की अध्यक्षता की

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



रायबरेली, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) समिति की बैठक की अध्यक्षता की। दिशा समिति की बैठकें सांसद की अध्यक्षता में त्रैमासिक आधार पर आयोजित की जाती हैं। इससे पहले दिन में, राहुल गांधी ने रायबरेली में नवनिर्मित शहीद चौक और डिग्री कॉलेज चौराहे का उद्घाटन किया। उन्होंने शहर के श्री पीपलेश्वर महादेवजी मंदिर और हनुमान मंदिर में भी दर्शन और पूजा-अर्चना की।

राहुल गांधी, जो वर्तमान में रायबरेली से सांसद हैं, जिले के एक दिवसीय दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों का भी उद्घाटन किया। राहुल गांधी ने 2024 के आम चुनावों में 390,030 वोटों के महत्वपूर्ण अंतर से रायबरेली लोकसभा सीट जीती। राहुल की मां सोनिया गांधी लगातार पांच बार रायबरेली से सांसद रह चुकी हैं। इस बार उनके लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बाद राहुल इस सीट से चुनाव मैदान में उतरे और बड़े अंतर से जीत हासिल की।

पूर्व में अमेठी और वायनाड (केरल) से सांसद रह चुके राहुल का रायबरेली केसांसद के रूप में यह पहला कार्यकाल है। हालांकि अपनी मां के लंबे समय से प्रतिनिधित्व के कारण वह पिछले कुछ वर्षों में अक्सर इस क्षेत्र का दौरा करते रहे हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार संसद सदस्यों, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय सरकारों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए दिशा बैठकों की शुरूआत की गयी है। रायबरेली में कार्यक्रमों की समाप्ति के बाद राहुल सड़क मार्ग से फुरसतगंज हवाई अड्डे (अमेठी जिले में) जाएंगे और एक विशेष विमान से हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे के लिए रवाना होंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## अबकी महाकुंभ में दिखेगी चंद्रशेखर आजाद की ऐतिहासिक पिस्तौल की झलक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार की देखभाल में इस बार ऐतिहासिक महाकुंभ का भव्य आयोजन हो रहा है। इसमें अबकी से लीक से हटकर भी कई चीजें देखने को मिलेंगी। इसी क्रम में अबकी से महाकुंभ में संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय की पहल पर अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की ऐतिहासिक पिस्तौल की प्रतिकृति की भी झलक देखने को मिलेगी। देश को अंग्रेजी शासन से स्वतंत्रता मिलने पर चंद्रशेखर आजाद का बड़ा योगदान रहा है, उनकी पिस्तौल महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र रहेगी, स्वतंत्रता सेनानियों का इससे अधिक सम्मान क्या हो सकता है। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डा. राजेश मिश्रा ने बताया कि इस बार महान क्रांतिकारियों के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी के आयोजन की तैयारी है। प्रदेश सरकार महाकुंभ मेला क्षेत्र में संग्रहालय को जगह उपलब्ध करा रही है। इसमें धरोहरों की प्रदर्शनी लगेगी, आजाद की पिस्तौल की प्रतिकृति भी प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा भी प्राचीन हथियारों की प्रतिकृति विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बता दें आजाद ने जिस पिस्तौल से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे उससे फायर होने पर धुआं नहीं निकलता था। इसलिए अंग्रेजों को पता ही नहीं चल पाता था कि गोलियां किधर से आ रही हैं।

# 9 जजों की संविधान पीठ का ऐतिहासिक फैसला

## हर निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकती सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने निजी संपत्ति विवाद में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक निजी संपत्ति संसाधन को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत भौतिक संसाधन नहीं कहा जा सकता है। नौ जजों की पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, सुधांशु धूलिया, मनोज मिश्रा, राजेश बिंदल, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तीन जजमेंट हैं, मेरा और 6 जजों का। जस्टिस नागरत्ना का आंशिक सहमति वाला और जस्टिस धुलिया का असहमति वाला।

### 1 मई को रखा था फैसला सुरक्षित

पीठ द्वारा 1 मई को अपना फैसला सुरक्षित रखने के बाद आज सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसी व्यक्ति के प्रत्येक निजी संसाधन को समुदाय के भौतिक संसाधन के हिस्से के रूप में रखना दूर की कौड़ी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उन



निवेशकों को भी डरा देगा जो उन्हें मिलने वाली सुरक्षा के स्तर से सावधान होंगे। यह टिप्पणी तब आई जब वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि विभिन्न संविधान पीठों के 16 फैसलों में निजी संपत्ति और निजी संसाधनों को शामिल करने के लिए भौतिक संसाधनों की लगातार व्याख्या की गई है। शीर्ष अदालत ने इससे संबंधित एक संदर्भ पर सुनवाई की।

### दो अलग अलग मत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में साफ कर दिया है कि सरकार सभी निजी संपत्तियों की अधिग्रहण नहीं कर सकती। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने 1978 के बाद के उन फैसलों को पलट दिया। यह संदर्भ 1978 में कर्नाटक राज्य और अन्य आदि बनाम श्री रंगनाथ रेड्डी और अन्य मामले में दिए गए फैसले में न्यायाधीशों द्वारा दिए गए दो विचारों के संदर्भ में सामने आया। मामला सड़क परिवहन सेवाओं के राष्ट्रीयकरण से संबंधित था। न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर की एक राय यह थी कि समुदाय के भौतिक संसाधनों में प्राकृतिक और मानव निर्मित, सार्वजनिक और निजी स्वामित्व वाले दोनों संसाधन शामिल होंगे। हालाँकि, न्यायमूर्ति एन एल उंटवालिया द्वारा लिखे गए दूसरे फैसले में कहा गया है कि अधिकांश न्यायाधीश न्यायमूर्ति अय्यर द्वारा अनुच्छेद 39 (बी) के संबंध में अपनाए गए दृष्टिकोण से सहमत नहीं हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## ओडिशा में बदमाशों ने चलती ट्रेन में की फायरिंग, यात्रियों में दहशत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ओडिशा में चलती नीलाचल एक्सप्रेस ट्रेन में अज्ञात लोगों ने कई राउंड फायरिंग की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई और सुरक्षा संबंधी चिंताएँ बढ़ गईं। रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस मामले की जाँच कर रहे हैं। यह घटना आज सुबह 9.25 बजे हुई जब ट्रेन चरम्पा रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी। ट्रेन मैनेजर की शिकायत के बाद भद्रक सरकारी रेलवे पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है। गार्ड के वैन डिब्बे की ओर गोलियाँ चलाई गईं, जिसमें कोई यात्री नहीं था। सौभाग्य से, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी वर्तमान में यह पता लगाने के लिए जाँच कर रहे हैं कि गोली किसने चलाई और घटना के पीछे का मकसद क्या था।

## दिल्ली में 400 तक पहुंच गया प्रदूषण का स्तर

### गोपाल राय बोले– अगले 10 दिन महत्वपूर्ण

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली में बुधवार से लोगों को खुले में कचरा जलाने से रोकने का अभियान शुरू होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में खुले में कचरा जलाने की घटनाओं की सूचना देने के लिए नागरिक एजेंसियों की 588 टीम तैनात की जाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 400 तक पहुंच गया है, अगले 10 दिन महत्वपूर्ण होंगे। गोपाल राय ने आज राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर सभी विभागों की बैठक की।

# महिलाओं के लिए अच्छी खबर, एमपी की मोहन सरकार ने बढ़ाया आरक्षण, अबकी बार किया 35% पार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए आवंटित आरक्षण कोटा में वृद्धि की घोषणा की। जारी की गई जानकारी के मुताबिक, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाली सरकार ने इसमें 2 फीसदी अतिरिक्त बढ़ोतरी कर दी है, जिससे महिलाओं का कोटा 35 फीसदी हो गया है। सरकार के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज मुख्यमंत्री मोहन यादव की



अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की ब्रीफिंग के दौरान इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में सरकारी सेवाओं के तहत सभी भर्तियों में आरक्षण (महिलाओं के लिए) 33% से बढ़ाकर 35% कर दिया गया है। यह निर्णय पहले लिया गया था, और इसे आज कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कैबिनेट बैठक के दौरान लिए गए अन्य बड़े फैसलों के बारे में भी विस्तार से बताया. शुरूआत करते हुए मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने राज्य में 254 नए उर्वरक बिक्री केंद्र खोलने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के लागू होने से किसानों को लंबी कतारों से राहत मिलेगी और नकद भुगतान पर आसानी से खाद मिलेगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने कुल 830 मेगावाट इकाइयों (प्रत्येक 205 मेगावाट के दो बिजली संयंत्र और 210 मेगावाट के दो अन्य संयंत्र) की पिछली बिजली संयंत्र इकाइयों को बंद करके सारनी में 660 मेगावाट का क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की भी मंजूरी दे दी है। अंत में मंत्री ने यह भी बताया कि कैबिनेट ने राज्य में मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों की भर्ती की आयु 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की अनुमति दे दी है।

# योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से मदरसा बोर्ड के खिलाफ लगा बड़ा झटका

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम अदालत ने आज बड़ा फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को संवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने इसी के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसमें यूपी मदरसा अधिनियम को रद्द किया गया था। रिटायर्डमेंट से चार दिन पूर्व चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के दिये गये इस एतिहासिक फैसले के बाद राज्य के मदरसों को मान्यता मिलने और उनके संचालन में स्थायित्व आने की संभावना है। अदालत ने माना कि एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर कहा कि सरकार मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है। किसी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मदरसा बोर्ड फाजिल, कामिल जैसी उच्च डिग्री नहीं दे सकता, जो यूजीसी अधिनियम के विपरीत है।

बता दें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसी साल 22 मार्च को यूपी मदरसा एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ये कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है और मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को नियमित स्कूलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। ज्ञातव्य हो कि यूपी मदरसा एक्ट को साल 2004 में बनाया गया था। इसके तहत ही मदरसा बोर्ड का गठन हुआ।

# वाजपेयी का नजरिया अपनाया गया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर । मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नजरिया अपनाया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि वाजपेयी ने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वाजपेयी 1999 में पहली दिल्ली-लाहौर बस से पाकिस्तान गए थे, तो उन्होंने मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था जो आसान नहीं था।

सदन के नेता अब्दुल्ला ने कहा, फिर वह सरहद पर खड़े हो गए और कहा कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। वाजपेयी ने कहा



था कि बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद बार-बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया। अब्दुल्ला ने कहा, मैं उन्हें (वाजपेयी को) जानता हूं और उनकी मंत्रिपरिषद के एक मंत्री के रूप में उनके साथ काम किया है। जब हम वाजपेयी को याद करते हैं, तो हम उन्हें जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में याद करते हैं। उन्होंने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की, उन्होंने तनाव कम करने की कोशिश की।

अब्दुल्ला ने कहा, उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के आर - पार के रास्तों को खोलने के लिए काम किया जो बाद में फिर से बंद हो गए। वह लोगों को करीब लाना चाहते थे। उन्होंने नागरिक समाज को करीब लाने की कोशिश की। आज हमें अलग रखने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वाजपेयी का नजरिया अपनाया गया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, मुखर्जी के पास कोई गॉडफादर नहीं था और उन्हें राजनीति में कोई लेकर नहीं आया था। उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने अपने सभी पदों के साथ न्याय किया। सदन के नेता ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी और उनके पूर्व सहयोगी और भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राणा सहित अन्य को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा सरकार पुलिस को आगे कर लोगों को वोट डालने से रोकना चाहती है : अखिलेश यादव

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पुलिस को आगे कर लोगों को वोट डालने से रोकना चाहती है। गाजियाबाद में सपा उम्मीदवार सिंहराज जाटव के समर्थन में आयोजित कार्यकताओं की बैठक में अखिलेश ने कहा, निर्वाचन आयोग चाहता है कि उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए निकलें, लेकिन भाजपा सरकार पुलिस को आगे करके मतदाताओं को वोट डालने से रोकना चाहती है।



उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद, मीरापुर (मुजफ्फरनगर), कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। अखिलेश ने आरोप लगाया, भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। वह पुलिस को आगे करके चुनाव लड़ना चाहती है और लोगों को वोट डालने से रोकने की साजिश रच रही है। सपा प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि मुरादाबाद की कुंदरकी और अंबेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीटों पर पुलिस मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का दबाव बना रही है और सपा कार्यकताओं को मतदान के दिन इलाका छोड़ने की धमकी दे रही है। सपा प्रमुख ने दावा किया, भाजपा उपचुनाव हार रही है। पार्टी को भनक लग गई थी कि जो लोग त्योहारों में अपने घर आए हैं, वे इस बार भाजपा के खिलाफ वोट डालेंगे। इसीलिए हार के डर से चुनाव की तारीख बदली गई है। उन्होंने कहा, इससे पहले अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी चुनाव की तारीख टाल दी गई है। सपा ने भाजपा विधायक अतुल गर्ग के सांसद निर्वाचित होने के बाद खाली हुई गाजियाबाद सीट पर दलित समाज से आने वाले सिंहराज जाटव को अपना उम्मीदवार बनाया है। अखिलेश ने दावा किया, हर वर्ग भाजपा के खिलाफ है। महंगाई, बेरोजगारी से सभी लोग दुखी हैं। बूथ पर काम करिए, आपको पता चलेगा कि जनता भाजपा को हटाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बार गाजियाबाद की जनता इतिहास रचेगी।

# 302 किलोमीटर लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर खर्च होंगे 1939 करोड़, योगी कैबिनेट में लिया गया फैसला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आगरा को लखनऊ से जोड़ने वाले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के मरम्मत और रखरखाव पर अगले पांच वर्षों में 1939 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सोमवार को कैबिनेट ने औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

302 किलोमीटर लंबे व छह लेन चौड़े आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (आठ लेन विस्तार योग्य) की मरम्मत और रखरखाव का कार्य उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को सौंपा गया है। कैबिनेट की अनुमति के बाद यूपीडा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की मरम्मत व रखरखाव के लिए फर्म का चयन करेगा।



आगरा और लखनऊ को जोड़ने वाला यह एक्सप्रेसवे आगरा इनर रिंग रोड से शुरू होता है, जो फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, हरदोई, उन्नाव जिलों से गुजरते हुए लखनऊ में राज्य राजमार्ग-40 पर समाप्त होता है।

## अब छह सदस्यीय समिति के माध्यम से होगा डीजीपी का चयन

राज्य सरकार ने अपने स्तर से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन का रास्ता साफ कर लिया है। डीजीपी के चयन के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में मुख्य सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से एक सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या उनकी तरफ से नामित अधिकारी के अलावा अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव गृह व पूर्व डीजीपी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में डीजीपी की नियुक्ति के लिए पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 संबंधी अहम प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई। प्रदेश में करीब तीन वर्षों से स्थायी डीजीपी की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। नई नियमावली बनने के बाद अब सरकार को स्थायी तौर पर डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने डीजीपी की नियुक्ति को लेकर वर्ष 2006 में एक याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस व्यवस्था को सभी दबाव से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार से कानूनन नई व्यवस्था बनाने की अपेक्षा की थी। उसके बाद पंजाब, तेलंगाना व आंध्र प्रदेश सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में नियमावली बना रखी है। इस तरह से डीजीपी की नियुक्ति के लिए नई नियमावली बनाने वाला उत्तर प्रदेश चौथा राज्य बन गया है।

# उत्तर प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे तीन-तीन छोटे पुल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में तीन-तीन लघु सेतुओं का निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि शहरी क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त व संकरे सेतुओं के स्थान पर नए सेतु बनाए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी धर्मों व संप्रदाय व पंथों के धार्मिक व पौराणिक पर्यटन स्थलों को बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परियोजनाओं में गड़बड़ी होने पर जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सोमवार को अपने सरकारी निवास पर लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। विभागीय मंत्री होने के नाते उन्होंने कहा कि समझौते का पालन न करने वाली कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। विकास कार्यों का लाभ सभी 75 जिलों को मिलना चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व अंतरराज्यीय सीमा पर बन रहे मैत्री द्वारों का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख जिला मार्गों को कम से कम दो लेन व अन्य जिला मार्गों को डेढ़ लेन तक चौड़ा करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने क्षतिग्रस्त सेतुओं को तत्काल सही कराने व दीर्घ सेतुओं के निर्माण के लिए सभी जिलों से प्रस्ताव मंगवाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि ठेका लेने वाली कंपनी को ही निर्माण की मंजूरी दी जाए। उन्होंने सभी पूरे हो चुके कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने दीन दयाल उपाध्याय तहसील व ब्लाक मुख्यालय योजना के तहत सभी तहसीलों व ब्लाकों को कम से कम दो लेन मार्गों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने देवरिया-बरहज मार्ग का सुदृढ़ीकरण कराने को कहा है। सड़क निर्माण के कार्यों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों को न कटने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई एवं जैव ऊर्जा विभाग द्वारा डिफेंस कारिडोर, औद्योगिक लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक क्षेत्र और प्लेज पार्क योजना के तहत विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्रों को चार लेन मार्गों से जोड़ने को कहा है। साथ ही कहा कि सभी विधानसभाओं के प्रमुख जिला मार्गों को सात मीटर चौड़ा एवं अन्य जिला मार्गों को 5.50 मीटर चौड़ा किया जाए। निर्माण के समय इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने रेल ओवरब्रिज (आरओबी) व रेल अंडरब्रिज (आरयूबी) से जुड़े प्रस्तावों को तत्काल केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की सड़कों का निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों पर गड्ढे नहीं होने चाहिए।

# तीन दिन पूर्व जन्म ली कन्याओं का मनाया गया जन्म दिवस

अमन लेखनी समाचार

कुशीनगर। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय, द्वारा आज दिन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुबेरस्थान, जनपद-कुशीनगर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे 03 दिवस पूर्व तक जन्म ली कन्याओं का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। इस दौरान कन्याओं की माताओं सुनीता देवी पत्नी संतोष, रूक्मणी देवी पत्नी आशुतोष पाठक, प्रतीभाश सिंह पत्नी अजय कुमार, शशबाना खातून पत्नी मो० हुसैन, रूबी गुप्ता पत्नी राहुल गुप्ता, रोशनतारा पत्नी ग्यासुद्दीन, ताहिरा खातून पत्नी सद्दाम हुसैन को मिष्ठान, अंगवस्त्र, बेबी किट, हल्दी पैकेट, गुड़िया, चाकलेट इत्यादि उपहार स्वरूप प्रदान करते हुए छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयीं।

# यूपी उपचुनाव के लिए बसपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

## मायावती के बाद सतीश मिश्र; तीसरे नंबर पर आकाश आनंद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा को जगह दी गई है, जबकि पार्टी के युवा चेहरे नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को तीसरे स्थान पर रखा गया है। लोकसभा चुनाव में बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची में आकाश आनंद पार्टी प्रमुख मायावती के बाद दूसरा सबसे बड़ा चेहरा थे।

बसपा के स्टार प्रचारकों में पार्टी प्रमुख मायावती, सतीश चंद्र मिश्र, आकाश आनंद, विश्वनाथ पाल, समसुद्दीन राईन, सतपाल पीपला, नरेश गौतम, दारासिंह प्रजापति, मौलाना जमीन अहमद कासमी, मौलाना सालिम कुरैशी, पुष्पांकर पाल, सत्य प्रकाश, प्रेमचंद्र गौतम, रविंद्र गौतम, विजेंद्र कश्यप, रवि सहगल, जनेश्वर प्रसाद, सतीश कुमार, सुनील जाटव, कुलदीप बालियान, मो. आसिफ, आजाद मावी, कुलदीप प्रधान, श्रीपाल पाल, इंतेजार राना, राहुल ठाकुर, प्रशांत गौतम, सुशील वर्मा, रणवीर सैनी, अनिल कुमार उर्फ पप्पू, कुलदीप प्रधान, आशीर्वाद आर्या, अमित त्यागी, देवीदास जयंत, आनंद प्रकाश, जगपाल ननौता, राकेश पाल, ऋषिपाल तोमर और मास्टर विजय पाल शामिल हैं।

# अलग-अलग जगहों पर सियार ने दो लोगों पर किया हमला, किशोरी बुरी तरह से घायल

## सियार के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खेतों में कम करने गए अलग अलग जगहों पर सियार ने किशोरी और किशोर पर किया हमला जिसमें दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां दोनों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया है। और दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रूसेना निवासी रघु की बेटी राधा 16 वर्ष और वहीं पड़ोस के गांव खेड़ा निवासी रजनीश के बेटे भुवनेश (17) पर मंगलवार सुबह दोनों अपने अपने गांव के किनारे खेतों में काम करने गए थे तभी खूंखार जंगली जानवर सियार ने राधा पर हमला कर दिया और जमीन पर गिरा दिया। यह देख वहां मौजूद पुत्री की मां मालती ने बेटी को बचाने के लिए दौड़ी तभी सियार ने उस पर भी हमला कर दिया



सियार के हमले से घायल राधा - फोटो

बेटी के हाथ पैर, चेहरे पर काफी पंजे मार नोच डाला. मां ने किसी तरह कड़ी मशक्कत कर सियार को वहां से खदेड़ा तब जाकर बेटी की जान बची।

दूसरी घटना वहीं पड़ोस के गांव में खेत में काम कर रहे भुवनेश को भी निशाना बनाते हुए खूंखार सियार ने हमला कर दिया। जिससे वह भी बुरी तरह से घायल हो गया जिसकी चीख की आवाज सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े तो सियार वहां से बागों की तरफ भाग निकला जिससे घायल दोनों लोगों को आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां राधा के शरीर पर कई टांके लगे उसके बाद प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गयी। वहीं ग्रामीणों कहना है कि सियार के हमले से इतनी दहशत आसपास फैल गयी है कि शाम होते ही लोगों ने घर के बाहर निकलना बंद कर दिया है. लोगों का कहना है कि लगता है. यह सियार पागल हो चुका है। इस सम्बन्ध मे वन रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि अभी तक इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है. सूचना मिलते ही टीम गठित कर जंगली सियार को पकडवाया जायेगा।

# नीलामी से पहले ब्लॉक से हजारों का कबाड़ का सामान हुआ चोरी

## आईएएस की डांट के बाद चोरी का माल हुआ बरामद

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के गोसाईगंज में इस समय भ्रष्टाचार चरम पर है यहां आँख से काजल चुराने जैसा मामला सामने आया वही अधिकारियों के फटकार के बाद आनन फानन माल की बरामदगी कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की जा रही है ताजा मामला गोसाईगंज ब्लाक का है जहां कबाड़ का सामान नीलामी के ठीक एक दिन पहले छुट्टी का फायदा उठाकर हजारों रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया गया जब इसका खुलासा हुआ तो बीडीओ के रूप में कार्य भार संभाल रहीं तेज तर्रार अधिकारी आईएएस गुंजिता अग्रवाल ने पूरे मामले को लेकर संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाइ इसके बाद चौकीदार द्वारा माल वापस लाया गया और नीलामी की प्रक्रिया संपन्न हुई इस पूरे मामले में ब्लॉक में कार्यरत महिला चौकीदार व कैशियर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। फिलहाल ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कह रहे हैं लेकिन अभी तक गोसाईगंज थाने में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी गोसाईगंज ब्लॉक में हुई चोरी की इस घटना को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं।

# वीरगाथा प्रोजेक्ट में यूपी से सर्वाधिक 45.24 नामांकन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : वीरगाथा प्रोजेक्ट में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक 45.24 लाख विद्यार्थियों का नामांकन कराया है। दूसरे नंबर पर दिल्ली ने 18.08 लाख और तीसरे नंबर पर बिहार ने 13.91 लाख विद्यार्थियों का नामांकन कराया है। यही नहीं देश भर में सबसे अधिक नामांकन कराने वाले टाप 50 जिलों में से 18 जिले यूपी के हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित रचनात्मक गतिविधियों में यह विद्यार्थी भाग लेंगे।

कविता, निबंध, कहानी, पेंटिंग व वीडियो इत्यादि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर यह वीर जवानों की बहादुरी के बारे में ज्ञानवर्धन करेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेन्द्र देव ने बताया कि विद्यार्थियों को कक्षावार चार श्रेणियों में बांटा गया है। पहला कक्षा तीन से कक्षा पांच, दूसरी कक्षा छह से कक्षा आठ, तीसरी कक्षा नौ से कक्षा 10 और चौथी कक्षा 11 से कक्षा 12 की श्रेणी बनाई गई है।

बीते साल उप्र से 39 लाख विद्यार्थियों ने नामांकन किया था। ऐसे में इस बार इसमें 5.24 लाख की बढ़ोतरी हुई है। देश भर में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले टाप 50 जिलों में जो 18 जिले यूपी के हैं उनमें पीलीभीत, बुलंदशहर, संत कबीर नगर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, हरदोई, लखनऊ, महाराजगंज, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट, संभल, उन्नाव, देवरिया, बिजनौर, रामपुर, कानपुर देहात व मुजफ्फरनगर शामिल हैं।

यही नहीं नामांकन कराने के मामले में पीलीभीत देश में दूसरे, बुलंदशहर चौथे और संत कबीर नगर सातवें स्थान पर है। यानी टाप टेन में भी यूपी के तीन जिले शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य वीरता पुरस्कार विजेताओं व सशस्त्र बलों के जवानों की बहादुरी के कृत्यों और बहादुरों के जीवन की कहानियों का प्रचार-प्रसार करना है।

# गोसाईगंज में धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज।मंगलवार को गोसाईगंज में श्रीराम कथा अनुष्ठान का शुभारंभ युग तुलसी राम किंकर शोभा यात्रा के साथ हुआ। यात्रा के पूर्व युग तुलसी पंडित राम किंकर जी महाराज के चित्र पर उनके पट्ट शिष्य पंडित उमाशंकर व्यास जी ने पुष्प अर्पित कर नमन किया।बाजार में शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

गोसाईगंज में श्रीराम कथा का शुभारंभ राम किंकर शोभा यात्रा से हुआ। युग तुलसी ब्रह्मलीन राम किंकर जी महाराज के जन्म शताब्दी वर्ष पर गोसाईगंज में राम किंकर शोभा यात्रा निकाली गई। श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करने के लिए पहुंचे कथा ऋषि पंडित उमाशंकर व्यास ने माता चतुभुर्जी देवी के दरबार में पहुंचकर मां की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। मंदिर परिसर में मौजूद सैकड़ो श्रृद्धालुओं ने कथा ऋषि का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ



शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में कथा ऋषि उमाशंकर व्यास के गुरु युग तुलसी राम किंकर जी महाराज तथा प्रभु राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के चित्र पर श्रद्धालुओं ने फूल बरसाए और कथा ऋषि को रथ पर बैठा कर शोभायात्रा निकाली।

शोभा यात्रा माता चतुभुर्जी देवी मंदिर से शुरू होकर श्रीराधा कृष्ण मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर,हनुमान मंदिर से वापस शाहन टोला और मातन टोला होते हुए माता चतुभुर्जी मंदिर प्रांगण पहुंची और विश्राम लिया। शोभा यात्रा विश्राम के बाद श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया।

शोभा यात्रा में युग तुलसी श्रीराम कथा समिति गोसाईगंज के अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी,देवेंद्र कुमार मिश्रा,दीपक कश्यप, महेंद्र शुक्ला,सुशील शुक्ला, अरविंद गुप्ता, प्रभु गुप्ता,ज्ञानेंद्र सिंह, मोहित गुप्ता,लालजी गुप्ता,रानी गुप्ता,राम बाबूगुप्त तथा कृष्णा गुप्ता, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी श्रृद्धालु राम नाम का जाप करते हुए चल रहे थे।

# बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत राय हिंदी फिल्म कजिन ईशा को प्रोड्यूस करेंगे

## हिंदी रोमांटिक फिल्म कजिन ईशा की शूटिंग 8 नवंबर से उन्नाव में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । काव्यांजलि, घर की लक्ष्मी बेटियां, मायका जैसे कई प्रसिद्ध टीवी धारावाहिकों और युवा, भौंरी और तत्क्षण जैसी फिल्मों के अभिनेता विक्रांत राय न केवल इसमें नायक की भूमिका निभाएंगे बल्कि फिल्म का निर्माण भी करेंगे ।हर्षिका केवलरामानी फिल्म में ईशा की मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें आखिरी बार कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म फ्रेडी में देखा गया था ! बॉलीवुड में मनोज बाजपेयी उनके गुरु हैं !अभिनेत्री ओशी साहू फिल्म में दूसरी नायिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी !

ओशी साहू इससे पहले हिंदी फिल्म गुंजन सक्सेना और वेब सीरीज रंगबाज और अभय में काम कर चुकी हैं ! बाटला हाउस और बद्रीनाथ की




दुल्हनिया फेम अनुभवी अभिनेत्री अंजुमन सक्सेना और स्विगी विज्ञापन फेम गुलाब जामुन अंकल अभिनेता नरेश गोसाईं फिल्म में मां और पिता की सहायक भूमिका निभाएंगे ! अभिनेता और कास्टिंग निर्देशक शशांक अवस्थी फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे ! साथी कलाकारों में सुमित सागर और रंगमंच अभिनेता सौरभ कुमार सिंह भी अहम भूमिका निभाएंगे !फिल्म का निर्देशन वैभव वर्मा करेंगे, जिनकी बतौर निर्देशक आखिरी फिल्म विक्रांत राय अभिनीत मर्डर मिस्ट्री पुलिस फिल्म 'तत्क्षण' थी !कज़िन ईशा एक अनोखी प्रेम कहानी है जिस्की शूटिंग भगवंत नगर, डौंडिया खेड़ा, बक्सर घाट, बिहार और उसके आसपास की जाएगी !

# अपराधियों को सजा दिलाने में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की भूमिका ने चौंकाया

## करीब 15 लाख के खर्च को भी बचा लिया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपराधियों को सजा दिलाने में वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वीसी) की व्यवस्था अहम भूमिका निभा रही है। बीते चार माह में वीसी के जरिए 4,450 गवाहों ने विभिन्न मामलों में गवाही देकर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। साथ ही पुलिस ने गवाहों को अदालत में पेश करने पर आने वाले करीब 15 लाख के खर्च को भी बचाया है।

प्रदेश में अपराध के प्रति सरकार की जीरो टालरेंस नीति के तहत पुलिस ने आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल



कर 80 हजार से अधिक अपराधियों सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। अभियोजन निदेशालय अदालतों में प्रभावी पैरवी के लिए वीसी, ई-रिपोर्टिंग सिस्टम, चिह्नित माफिया प्रबंधन प्रणाली निगरानी, ई-आफिस प्रणाली और ई-प्रासीक्यूशन पोर्टल का इस्तेमाल कर रहा है।

## हर केस का डाटा रखा जा रहा सुरक्षित

वहीं अपराधियों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र करने के लिए अभियोजन निदेशालय डाटा एनालिटिक्स के साथ ई-रिपोर्टिंग व्यवस्था का उपयोग कर रहा है। हर केस का डाटा प्रोफाइल बनाकर उसे कंप्यूटर में सुरक्षित किया जा रहा है। साथ ही चिह्नित माफिया प्रबंधन प्रणाली निगरानी एप के जरिए चिह्नित माफिया से संबंधित वादों की दिन प्रतिदिन की प्रगति और कार्यवाही का पर्यवेक्षण किया जा रहा है।

अभियोजन निदेशालय पेपरलेस काम के लिए ई-आफिस प्रणाली को भी अपना रहा है। आगामी तीन माह में ई-आफिस प्रणाली से 18 परिक्षेत्रीय अपर निदेशक अभियोजन कार्यालय एवं 18 संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालयों को जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा आज बाल संप्रेक्षण गृह (रिमाण्ड होम) गोरखपुर का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान वहाँ रह रहे किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य एवं बाल संप्रेक्षण गृह की सुविधाओं के बारे में बात किये। सचिव द्वारा किशोर अपचारियों को शिक्षा के प्रति सजग किया गया और जो बाल अपचारी किसी टेक्निकल एजूकेशन के प्रति रूचिकर दिखे उनके लिये टेक्निकल एजूकेशन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिया गया। बाल संप्रेक्षण



गृह के भोजनालय का भी मुआयना किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चों को स्वास्थ्य वर्धक और सुपाच्य भोजन मिले, जिनमें हरी सब्जियों को भोजन में अवश्य शामिल करने हेतु समझाया गया साफ-सफाई की व्यवस्था का भी मुआयना किया गया और स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता बताते हुये साफ-सफाई के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही बाल संप्रेक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक जमुना चतुर्वेदी को निर्देशित किये कि यहाँ रह रहे किशोर अपचारियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिलाये तथा ऐसी एनजीओ का चयन करें जिससे उनको रोजगार देकर इन्हें पुनर्वासित कर समाज की मुख्य धारा में ला सकें। चेयरमैन उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया और आवश्यक कार्यवाही करते हुये उचित दिशा-निर्देश निर्गत किये गये।

# अगले साल आने की कामना के साथ भगवान श्री चित्रगुप्त जी का हुआ विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, यम द्वितीया पर पूरे देश में देशवासियों विशेषकर कायस्थों ने बड़े ही धूमधाम से भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चन कर अपने, परिवार एवं समाज की खुशहाली की कामना की। क्रॉसिंग रिपब्लिक में जहां सैकड़ों कायस्थ श्रद्धालुओं ने कलम दवात के साथ भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा की उसी उत्साह के साथ लोगों ने अगले साल पुनः आने की कामना के साथ भगवान श्रीचित्रगुप्त का दूसरे दिन सोमवार को गाजियाबाद स्थित हिंडन घाट पर विसर्जन भी किया। श्री चित्रगुप्त जी के मूर्ति की विसर्जन यात्रा जी एच सेवन क्लब हाउस से क्रॉसिंग रिपब्लिक के प्रमुख मार्गों से होते हुए गाजियाबाद के हिंडन घाट पर पहुंची, जहां क्रासिंग रिपब्लिक चित्रांश महापरिवार (उफउटढ), गाज़ियाबाद के श्रद्धालुओं द्वारा श्री चित्रगुप्त जी की प्रतिमा का विसर्जन हिंडन घाट में किया गया। क्रासिंग चित्रांश महापरिवार के संस्थापक मनीष अम्बस्ट ने बताया कि इस दौरान कार्यकारिणी के सदस्यों सहित बच्चे भी बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित हुए। सभी लोगों ने श्री चित्रगुप्त जी की प्रतिमा को आरती करने के उपरांत अगले साल फिर से पूजा का आयोजन करने की इच्छा के साथ विदाई दी। हिंडन घाट पर मुख्य रूप से राहुल प्रकाश, प्रशांत कुमार, मनीष वर्मा, सौरव, गौतम किशोर, प्रणव शेखर, विवेक श्रीवास्तव, मनोहर प्रसाद, अन्वेषा अंबष्ट, मेहूल, वंदना सिन्हा, गीत, अखिलेश माथुर सहित क्रॉसिंग कायस्थ परिवार के सदस्य शामिल हुए।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ कानपुर रेल रूट पर उन्नाव रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे आ जाने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर पहुंची जीआरपी ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई की।कल्याणी मोहल्ला निवासी सुनील कुमार (34) लखनऊ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह ट्रैक पर गिर गया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर और एक हाथ कट गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर जीआरपी ने जांच पड़ताल की।वेंडर का करता था काम सुनील कुमार कानपुर जाने के लिए उन्नाव जंक्शन पहुंचा था। जैसे ही वह प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की तरफ बढ़ा ट्रेन चलने लगी। ट्रेन को चलते हुए देख सुनील कुमार ने बिना सोचे-समझे ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलते हुए ट्रैक पर गिर गए। पहले वह ट्रेन में वेंडर का काम करता था।इस दर्दनाक घटना के बाद से सुनील के परिवार में मातम छा गया। उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सुनील कुमार की मां, पत्नी और बच्चों को जब इस हादसे के बारे में बताया गया, तो वह सन्न रह गए। सुनील के घर में एकलौता कमाने वाला सदस्य था और उसकी अचानक मौत ने पूरे परिवार के लोग सदमे में चले गए।

### रास्ते के विवाद में पट्टीदारों ने युवक की हत्या की

अमन लेखनी समाचार

देवरिया, देवरिया में युवक को बाजार से घर लौटते समय उसके पट्टीदारों ने धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में युवक को परिजन गोरखपुर मेडिकल कालेज ले गए। जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमले का कारण पुराना सड़क का विवाद बताया जा रहा है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बखरा गांव निवासी शुभम राव (26) पुत्र दयाशंकर राव घर से बाहर रहकर सरकारी नौकरी की तैयारी करता था। दीपावली और छठ पर्व पर वह घर आया था। सोमवार को वह छठ पर्व के लिए अपनी बहन को लखनऊ से घर लाया। देर शाम वह भांजे के लिए दूध लेने चौराहे पर गया था। उधर से वापस लौटते समय पहले से घात लगाए उसके पट्टीदारों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। युवक जान बचाने के लिए चिल्लाते हुए घर की तरफ भागा। हमलावरों ने दौड़ा कर उस पर चाकू और अन्य धारदार हथियार से हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुन जब परिजन इकट्ठा हुए तो हमलावर भाग निकले। इलाज के लिए परिजन उसे गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कालेज ले गए।

# अपनी मांगो को लेकर किसान यूनियन के कार्यकताओं ने किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पाटन के तकिया रेलवे स्टेशन पर भारतीय किसान यूनियन के अराजनैतिक गुटों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के नेता किरण पटेल ने किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री और डीआरएम को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा, जिसमें उनकी प्रमुख मांगों का उल्लेख था।किरण पटेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के हित में तीन प्रमुख मांगें उठाई हैं। उनकी पहली मांग थी कि तकिया रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली आरसी ट्रेन नंबर 54211 और 54212 को फिर से चलाया जाए। इसके साथ ही प्रयागराज से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन नंबर 14101 और 14102 को तकिया स्टेशन पर ठहराव देने की मांग की गई। तीसरी मांग वरिष्ठ नागरिकों और वृद्ध व्यक्तियों के लिए यात्रा भत्ते में छूट देने की थी।किरण पटेल ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर एक पखवाड़े के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन एक विशाल धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा और उसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।वहीं, भारतीय किसान यूनियन के टिकैत गुट ने भी अपने पांच सूत्री मांगों के साथ धरना दिया।इस गुट ने बैसवारा रेलवे स्टेशन को पुनः स्थापित करने और उसे उच्चीकृत करने की मांग की। इसके अलावा कोरोना काल में बंद पड़ी आरसी पैसेंजर ट्रेन को फिर से चलाने और ऊंचाहार एक्सप्रेस और प्रयागराज इंटरसिटी ट्रेन के तकिया स्टेशन पर ठहराव की भी मांग की गई।थरने में टिकैत गुट के नेता मुन्ना सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, अजय बाजपेई और अन्य सदस्य शामिल हुए। उन्होंने जोरदार प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर कोई सुनवाई नहीं होती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि उनकी यह मांगें केवल रेलवे सुविधाओं की बहाली और सुधार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा करने का एक प्रयास भी हैं। उनके मुताबिक, रेलवे की उपेक्षा से क्षेत्र की जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और इस स्थिति को बदलने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।धरने में भारतीय किसान यूनियन के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिनमें हरिश्चंद्र गौतम (ब्लॉक अध्यक्ष), मोहनलाल एडवोकेट, अजय कुमार पटेल (तहसील अध्यक्ष), सोनू (ग्राम अध्यक्ष), रामलाल और कई अन्य लोग शामिल थे। भारतीय किसान यूनियन के दोनों गुटों ने प्रशासन से अपील की कि उनकी मांगों पर जल्द से जल्द ध्यान दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे आगामी दिनों में और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहेंगे।

# मौसम ने ली करवट खांसी जुकाम बुखार के बढ़े मरीज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ देखने को मिल रहा है। जरा सी लापरवाही से लोग खांसी, जुकाम, और बुखार जैसी वायरल बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।मौसम के बदलाव के चलते अस्पतालों में आने वाले मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इन दिनों करीब 40% तक मरीज बढ़ने से ओपीडी के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे घंटों इंतजार के बाद लोगों को डॉक्टरी परामर्श मिल पा रहा है।डॉक्टर मरीजों को सलाह दे रहे हैं कि वे मौसम के अनुरूप अपने रहन-सहन को बदलें। दीवाली की दो दिनों की छुट्टी के बाद से मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं।जिला अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनवाने के लिए लोग सुबह से ही इकट्ठा हो गए हैं, और जल्दी पर्चा बनवाने को लेकर कई बार गहमागहमी भी हो गई। अस्पताल के कर्मचारियों ने समझा-बुझाकर स्थिति को संभाला, जिसके बाद ही व्यवस्था में सुधार आया।अब तक जिला अस्पताल में एक हजार से अधिक मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों की ओपीडी का हाल भी बेहाल है, जहां गैलरी मरीजों से खचाखच भरी रही। घंटों इंतजार के बाद मरीजों ने राहत की सांस ली। वहीं, डायग्नोस्टिक विग में भी जांच के लिए पहुंचने वाले मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है।विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम में आ रहा यह परिवर्तन लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग जो सामान्य मरीजों की तुलना में जल्दी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, उनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।डॉक्टर इन दिनों रोजाना करीब 200 मरीजों की खून की जांच की सलाह दे रहे हैं। इसके बावजूद, अस्पताल में किडनी की जांच नहीं हो पा रही है। पिछले 26 दिनों से अस्पताल में किडनी की जांच के लिए आवश्यक रीजेंट खत्म हो चुका है, जिससे मरीज निजी केंद्रों पर महंगे दामों में जांच कराने के लिए मजबूर हैं।मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. आरए मिर्जा ने बताया कि वायरल मरीज बड़ी संख्या में आ रहे हैं। सभी मरीजों को बेहतरीन उपचार देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। जांच के लिए पहुंचे मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अतिरिक्त कर्मियों की भी तैनाती की गई है। पैथोलॉजी में केएफटी का रीजेंट खत्म होने से केवल भर्ती मरीजों की ही जांच की जा रही है।

# बाजार जा रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड में रहने वाले एक होटल कर्मचारी की सुबह घर जाने के दौरान अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जानकारी के अनुसार मूलरूप से गोपालपुर भीतरी जिला जौनपुर के रहने वाले विमल मिश्रा निवासी था। सुबह अपने कमरे से बाहर निकलकर सब्जी खरीदने जा रहा था। जब वह डॉकतार कॉलोनी के बमबम चौराहे के पास पहुंचा। तभी अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। आस-पास के लोगों ने उसे देखकर तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया और विमल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। विमल की पत्नी और बच्चे सदमे में हैं और उनके लिए यह समाचार बेहद दुखदायी साबित हुआ। परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए और स्थिति को देखकर गहरे दुख में डूब गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विमल को हृदय संबंधी समस्या हो सकती है लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। इस घटना ने स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल बना दिया है। विमल अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और उसकी असामयिक मौत ने उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है।फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# शोहदे की पिटाई से आहत युवती ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवई गांव की रहने वाली युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली युवती युवकों के पिटाई करने से आहत थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

नवई गांव के रहने वाले महादेव लोधी की बेटी कोमल 18 वर्ष ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रविवार शाम घर जा रही थी। तभी रास्ते में गांव का ही रहने वाला सचिन लोधी पुत्र राजेश शराब के नशे में अपने दरवाजे पर रोक कर बदसलूकी करने लगा। विरोध कर चिल्लाने पर मारपीट करने लगा। बचाने आई बहन रेशमा को भी गाली देते हुए मारापीटा। पुलिस को सूचना दी।पीड़िता के मुताबिक पहले भी कई बार बदतमीजी कर मारपीट कर चुका था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सचिन के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था। मगर मारपीट से आहत कोमल ने सोमवार देर शाम घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों को जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी खेतों में काम कर रहे परिजनों को दी। उसके बाद परिजन युवती को निजी साधन से निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। उसके बाद परिजन शव को घर लाकर आरोपित सचिन की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। तब पुलिस ने देर रात सचिन को गिरफ्तार किया। परिजनों के अनुसार आरोपित सचिन कई दिनों से युवती को परेशान कर रहा था। दो दिन पहले आरोपित युवक ने युवती को चौराहे पर मारा पीटा भी था। मृतका कोमल तीन बहनों में सबसे छोटी थी। मौत को लेकर बड़ी बहन रेशमा, रोशनी व भाई विजय, अजय तथा मां कलावती का रो रो कर बेहाल होते रहे एएसपी दक्षिणी प्रेम चंद्र ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपित युवक को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के मवाई गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला है। युवक की पहचान आलोक कुमार (24) पुत्र स्व. संजीवन लाल के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, आलोक का शव मंगलवार सुबह घर से करीब पांच सौ मीटर दूर आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटनास्थल पर जुटे मोहल्ले वालों ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। आलोक की मां चंपा जब मौके पर पहुंचीं, तो बेटे का शव देख बेसुध हो गईंपुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की और परिवार वालों से पूछताछ की। आलोक की मां ने आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक, आलोक तीन महीने पहले दुबई से लौटे थे और 7 नवंबर को फिर से दुबई जाने वाले थे, लेकिन उनके पहले ही उनकी हत्या कर दी गई और शव को लटका दिया गया। आलोक तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और एक बहन भी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों की तलाश कर रही है।

# आकर्षण का केंद्र बनी झाकियां ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। ख्याति प्राप्त रसा चार्य एवं श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता स्वामी देवकीनंदन शर्मा की अध्यक्षता में एवं वृंदावन रासलीला संस्थान द्वारा संचालित रासलीला महोत्सव एवं भक्त चरित्रों का मंचन सफीपुर नगर मध्य मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में आयोजित किया गया है। अत एव मंगलवार को देवकीनंदन जी महाराज की अगुवाई में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। रासलीला प्रारंभ होने से पूर्व भगवान की झांकियां को रथ के माध्यम से सजाकर ढोल नगाड़ों के साथ विशाल शोभायात्रा निकली। जिसमें सफीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा सहित अनेकों सनातन धर्म प्रेमी पुरूष और महिलाओं ने भाग लिया। श्री कृष्ण लीला और रासलीला आयोजक घनश्याम गुप्ता ने बताया कि भगवत की सप्त दिवसीय लीलाओं एवं उनके विभिन्न अवतारों का मंचन 5 नवंबर 2024 से 11 नवंबर 2024 तक किया गया है। घनश्याम गुप्ता के सुपुत्र राधा माधव के अन्य भक्त दिलीप कुमार उर्फ रिंकू गुप्ता ने बताया कि सभी के सहयोग से यह लीला मंचन कार्यक्रम प्रतिवर्ष भगवान के आशीर्वाद और उनकी कृपा से जब तक ठाकुर जी चाहेंगे आयोजित किया जाता रहेगा। शोभा यात्रा संपन्न होने के दौरान शांति सुरक्षा हेतु सफीपुर कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर ही डटे रहे। यहां पर बताते चलें की प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप पार्क में पिछले कई वर्षों से रासलीला एवं रामलीला का आयोजन होता आ रहा है। जिसमें नगर व क्षेत्र के अनेकों सनातनी व भगवत प्रेमी निरंतर अपनी सहभागिता समर्पित करते आ रहे हैं। स्वामी डॉक्टर देवकीनंदन शर्मा द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया गया कि ऐसे कार्यक्रमों से भगवान में आस्था रखने, उनमें समर्पण, विश्वास और ऐसे कार्यक्रम करते एवं कराते रहने की भावना जागृत होती है। स्वामी जी ने बताया कि ईश्वर की लीलाओं का दर्शन और मंचन बड़ा आनंदकारी और सुखदाई होता है। तथा इन कार्यक्रमों से मनुष्य को ईश्वर के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा मिलती है।

# महिला हेल्पलाइन नंबरों को किया गया दर्ज




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो सदानंद राय के संरक्षण एवं मिशन शक्ति संयोजिका डॉ सविता राजन के नेतृत्व में छात्र छात्राओं द्वारा वॉल राइटिंग के अंतर्गत महाविद्यालय के मुख्य द्वार तथा कला व विज्ञान संकाय की दीवारों पर महिला हेल्पलाइन नंबरों को दर्ज किया गया। वाल राइटिंग पारुल ,वर्षा शिव, नितिन गौरव व सिद्धार्थ आदि छात्र छात्राओं ने की। छात्र छात्राओं का सहयोग डॉ दिग्विजय नारायण, डॉ सविता, सविता राजन , डॉ सुनीता निरंकारी, डॉ रवि राज वर्मा, डॉ अभय राजपूत, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शैलजा त्रिपाठी व डॉ सुमन देवी ने किया।

# 72 वा दुर्गश्वरी कृष्ण लीला का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नानामऊ मार्ग स्थित कृष्ण लीला मैदान में बीते सोमवार की शाम 72 वां दुर्गेश्वरी कृष्ण लीला महोत्सव प्रारंभ हुआ। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने ठाकुर जी का पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया।श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव अंतर्गत वृंदावन धाम से पधारे पंडित भारत भूषण रासलीला मंडल द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्म की लीला का सजीव मंचन किया गया। लीला में प्रस्तुत किया गया कि मथुरा के राजा कंस के अत्याचार से धरती व्याकुल हो उठी। कंस ने अपनी चचेरी बहन देवकी का विवाह वासुदेव जी के साथ करने का निर्णय लिया। वह अपनी बहन को विदा करने जा रहा था। तभी रास्ते में आकाशवाणी हुई कि राजा कंस इसी बहन का अष्टम लाल तेरा काल होगा। यह सुनते ही कंस अपनी बहन देवकी की हत्या करने के लिए तलवार निकलता है। राजा उग्रसेन के विरोध करने पर वह अपने पिता सहित वासुदेव व देवकी को भी कारागार में बंद कर देता है। राजा कंस एक-एक कर सात पुत्रों को मार देता



है। अंततः आठवें पुत्र के रूप में भगवान स्वयं कारागार में जन्म लेते हैं। वासुदेव उन्हें यमुना पार कर गोकुल पहुंचा देते हैं। लीला समाप्ति पर समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा सद्धू ने आरती उतारी। इसके पूर्व नगर के समाजसेवी आकाश राजपूत ने महोत्सव हेतु समिति को 51 हजार रुपए भेंट किया।

# छट पूजा को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने किया गंगातट का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भोजपुरी समाज ने पचास साल पहले शुक्लागंज में छठ पूजा का कार्यक्रम पहली बार गंगा के घाटों पर संपन्न कराया था, तब से यह सिलसिला सैकड़ों के बाद हजारों में तब्दील हो गया है।इस बार बीस हजार से अधिक लोग छठ पूजा में हिस्सा लेंगे।यह बात भोजपुरी के समाज के अध्यक्ष शिवनाथ पांडेय ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1974 में उनके पिता ने छठ पूजा का कार्यक्रम शुक्लागंज में शुरू कराया था, तब से चला आ रहा है। पिछले करीब चालीस साल से वह और उनकी पूर्व सभासद पत्नी उमा पांडे इसको आगे बढ़ा रहे हैं।बताया कि उनका परिवार बलिया से यहां आया था। तब से पूरब के लोगों को जोड़कर एक माले की तरह पिरोया है। हर साल छठ पूजा में संख्या बढ़ रही है। अब तो स्थानीय लोग भी छठ मइया के महत्व को जानकर पूजा करने लगे हैं। मान्यता है कि भगवान सूर्य की दो पत्नियां थी, एक संध्या दूसरी छाया। संध्या के पुत्र यमराज और छाया के पुत्र शनिदेव हैं।इसलिए एक दिन अस्त होते हुये सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है दूसरे दिन सूर्य उदय होने से पहले ही गंगा में खड़े होकर अर्घ्य दिया जाता है। उस दिन छाया की पूजा होती है। सात नवम्बर को शाम और आठ को सुबह छठ पूजा होगी। इस मौके पर अमरेश पांडेय, राम नरेश सिंह, जय प्रकाश राय, राधे मिश्रा मौजूद रहे।एसपी दीपक भूकर, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, सीओ सिटी सोनम सिंह, तहसीलदार अविनाश कुमार व पालिका कर्मियों के साथ मिश्रा कॉलोनी गंगातट पहुंचे। जहां घाटों की व्यवस्था देखी। एसपी ने कहा कि छठ पूजा के दिन भीड़ अधिक रहती है, इसलिये जगह-जगह पुलिस तैनात की जायेगी। भीड़ में वाहन न आये इसके लिये चौपहिया वाहन दूर खड़े किये जायेंगे। वहीं एसडीएम ने पालिका को निर्देश दिया है कि घाटों की साफ सफाई और समतलीकरण का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाये।घाटों पर प्रकाश व्यवस्था के लिये लाइटें पर्याप्त लगवाई जाये। जिससे पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। अधिकारियों ने बताया कि हर साल की तरह प्रशासनिक कैंप लगेंगे। जहां लोगों की हर संभव मदद की जायेगी।

# कई दशक पुरानी गूल मिटाने का लगा आरोप



**रजवारा माइनर के कुलावा नंबर एक से होती है सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई**

**किसानों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप सुनाई पीड़ा**

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/ ललितपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम रजवारा के किसानों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप बताया की गोविंद सागर बांध से निकली दाई नहर के रजवारा माइनर से गांव सैकड़ों किसान खेती करते चले आ रहे हैं को माइनर के कुलावा नंबर एक से लगभग सौ एकड़ भूमि की सिंचाई किसान करते चले आ रहे थे की खेतों तक पहुंचने वाले गुल के माध्यम से पानी की गांव के ही किसान ने मिटा देने का आरोप लगाया है जो की किसानों पर खेती के संकट के बादल मंडराने लगे किसानों ने बताया कि अगर गुल का पुनः निर्माण नहीं कराया गया तो रजवारा के आधा सैकड़ा किसान खेती से वंचित रह जायेंगे जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन में गांव के किसानों ने जल्द ही गुल बनवाए जाने की मांग की है ज्ञापन पर भागीरथ,हीरा, श्यामलाल, भगवानदास, शत्रुध्न सिन्ह,रामप्रकाश, भागीरथ, किसन , राजेश सत्यनारायण राय आदि के हस्ताक्षर बताए गए।

# चीनी मिल में पेराई सत्र का सांसद ने किया पूजन

- **किसानों को किया सम्मानित, अरुण सागर बोले-सरकार किसानों के हित में कर रही काम**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर की रोजा चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का भाजपा सांसद अरुण सागर ने शुभारंभ किया। सांसद ने पेराई सत्र का पूजन किया। सांसद ने वहां पर मौजूद किसानों को सम्मानित कर उनको पेराई सत्र शुरू होने पर बधाई दी। सांसद ने कहा कि सरकार लगातार किसानों की हित में कार्य कर रही है। पेराई सत्र के दौरान किसानों को किसी तरह की दिक्कतें नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान ददरौल विधानसभा से भाजपा विधायक अरविंद सिंह भी मौजूद रहे। नगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित अवध शुगर एंड एनर्जी यूनिट रोजा शुगर मिल में आज गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अरुण सागर का पदाधिकारियों और मिल कर्मचारियों ने स्वागत किया। उसके बाद पेराई सत्र को लेकर सांसद ने पूजन किया। इस दौरान मिल में किसानों को भी बुलाया गया। सांसद ने किसानों से बात करते हुए उनको पेराई सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उनको सम्मानित किया। भाजपा सांसद अरूण सागर ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र शुरू हो गया है। इससे किसानों को अपार लाभ होगा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ने की सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी है। गन्ना किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। वित्तीय वर्ष के लिए जारी गन्ने के सट्टा एवं आपूर्ति नीति में गन्ना किसानों को रियायत और सहूलियत देने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि गन्ना काश्तकारों के गन्ना उपज का भुगतान ऑनलाइन व आरटीजीएस के माध्यम से 14 दिन के भीतर चीनी मिलों की तरफ से निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की सुविधा को देखते हुए पर्ची में निर्धारित वजन से 15 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट तौल को दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न न हो। इसके लिए गन्ना किसानों को शिकायतों के निवारण होगा। कंट्रोल रूम स्थापित गन्ना किसानों को सत्र में किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े।

**संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में कहा, 'यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' होसबोले की यह बात यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान का ही समर्थन है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान आदि मुल्कों में हिंदुओं पर जिस तरह से अलग अलग तरीके से प्रहार हो रहे हैं, भारत के अंदर हिंदुओं को लेकर जिस तरह के नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं, राजनीतिक जमीन के लिए जातिगत खाई बढ़ाई जा रही है, उसे देखते हुए संघ की बातों में सार्थकता है। कुछ लोगों को यह एक खोखला विषय लगता है कि हिन्दू खतरे में है और उसे एक होना चाहिए। किन्तु आज भारतीय समाज अंतर्बाह्य चुनौतियों एवं संकटों से घिरा है। परवर्ती काल में आदि-शंकराचार्य भी अपने ढंग से इसी हिन्दू एकता का कार्य कर रहे थे। भारत में मुस्लिम आक्रांताओं के आने से हिंदुओं पर अत्याचार और विभाजित हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ। इसीलिए भक्ति की जो अलख उस समय जगी उसमें कवियों ने एकता की बात पर जोर दिया। संघ हमेशा से हिंदू एकता पर काम करता रहा है, हमें एकता का प्रयत्न करना होगा इसे आचरण में लाना है। संघ के हिंदू एकता पर जोर देने का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**



# विश्व कल्याण के लिए हिन्दू एकता जरूरी



विश्लेषण

प्रो. निरंजन कुमार

सीनियर प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय

**हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसीलिए हम यह एकता बनाए रखना चाहते हैं। यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और बांग्लादेश समेत विश्व भर में हिंदुओं के मानवाधिकारों पर चिंता जताई। उधर, बांग्लादेश में लगातार हिंसा और अत्याचार सह रहे हिन्दुओं ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाते हुए चटगांव में विशाल रैली का प्रदर्शन किया तो उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने कहा कि कनाडा में हिंदू फोबिया अपने चरम पर है।**

मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के प्रेस कॉन्फ्रेंस, अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हिंदुओं को लेकर दिए गए वक्तव्य, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की हालिया घटनाओं के बाद चटगांव में हिंदुओं की बड़ी रैली तथा उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) का कनाडा की स्थिति पर बयान; इनमें क्या समानता है? यह जानकर आपको भयमिश्रित आश्चर्य होगा कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में, अलग-अलग दिखने वाली ये चारों स्थितियां दुनिया में हिन्दुओं की चिंताजनक हालात का बयान कर रहे हैं। एक दिलचस्प संयोग है कि ये चार चीजें दिवाली के आसपास घटित हुईं। यह सर्वविदित है कि दिवाली त्योहार प्रभु श्रीराम द्वारा रावण को हराकर वापस आने के बाद हुए राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। यहां एक दिलचस्प सवाल उठता है कि उपरोक्त चार घटनाओं का 'रामराज्य या राम-रावण युद्ध' से क्या कोई संबंध बनता है?

## 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाली बात का समर्थन

दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में कहा, 'यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' उन्होंने कहा,'हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसीलिए हम यह एकता बनाए रखना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और बांग्लादेश समेत विश्व भर में हिंदुओं के मानवाधिकारों पर चिंता जताई। उधर, बांग्लादेश में लगातार हिंसा और अत्याचार सह रहे हिन्दुओं ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाते हुए चटगांव में विशाल रैली का प्रदर्शन किया तो उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने कहा कि कनाडा में हिंदू फोबिया अपने चरम पर है और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसके साथ ही पूरे पाकिस्तान और अफगानिस्तान या स्वयं भारत के कुछ हिस्सों में हिन्दुओं को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी ही घटनाओं को देखते हुए ही हाल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि 'बंटेंगे तो कटेंगे'। इस कथन पर तथाकथित सेक्युलर राजनीतिक दलों और लेफ्ट- लिबरल तथाकथित बुद्धिजीवियों ने अपनी स्वाभाविक प्रतिक्रिया दी। किन्तु यह बात पूर्णतः सत्य है कि अतीत या वर्तमान में भी जब हम बंटे तो हमारा उत्थान रुका। इसीलिए मथुरा में संघ सरकार्यवाह होसबाले ने सीएम योगी की 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाली बात का समर्थन करते हुए कहा कि वास्तव में बंटेंगे तो कटेंगे का अर्थ 'एकता की आवश्यकता है। कुछ पहले महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि 'हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे'। विजयदशमी के दिन स्वयं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी अपने उद्बोधन में हिंदुओं के एक होने की बात कही। उन्होंने भी कहा कि जाति, भाषा, प्रान्त आदि के आधार पर टकराव उत्पन्न करने की कोशिशें देश में लगातार की जा रही हैं।





## वास्तविकता से मुंह नहीं मोड़ सकते

आज जब इस प्रकार हिंदुओं के एक होने की बात बड़े-बड़े मंचों से उठाई जा रही है तो निश्चित रूप से इस विषय को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। कुछ लोगों को यह एक खोखला विषय लगता है कि हिन्दू खतरे में है और उसे एक होना चाहिए। किन्तु वास्तविकता से मुंह मोड़ा नहीं जा सकता। ऐसा नहीं है कि ऐसा कुत्सित प्रयास वर्तमान में ही हो रहा है। पूर्व में भी अनेक आक्रांताओं और अंग्रेजों ने इस तरह के षड्यंत्र किए और कुछ हद तक उसमें सफल भी हुए। आज के दौर में कुछ लोग 'हिन्दू' शब्द को साम्प्रदायिकता के चश्मे से देखते हैं, इसीलिए जब भी हिन्दू हित या हिंदुओं की रक्षा की बात कहीं उठती है तो एक खास वर्ग उस पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया देता है। हालांकि हिन्दू शब्द की अनेक व्याख्याएं की जाती रही हैं, अंग्रेजों ने इस शब्द की जो व्याख्या की वह वास्तव में ग्राह्य नहीं है। व्यापक रूप से इसे देखें तो वस्तुतः हिमालय से समुद्र पर्यन्त विस्तृत भू-भाग में जन्मी उपासना पद्धति (यों) को मानने वाले 'हिन्दू' हैं। यहां यह समझना जरूरी है कि केवल सनातन धर्म के अनुयायी ही हिन्दू नहीं कहलाते। अपितु जैन, बौद्ध मतों को मानने वाले भी हिन्दू ही हैं। भारतीय कानून के अनुसार भी 'हिंदू' एक वृहत अवधारणा है जिसके अंतर्गत हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन के अतिरिक्त वीरशैव, लिंगायत,ब्रह्मो, प्रार्थनाया आर्य समाज के अनुयायी आदि सभी शामिल हैं। इनका मूल आधार यही भूभाग है। इन भारतीय मतों का उदय मूलतः सनातन से ही हुआ और आज इन्हें हिन्दू धर्म की शाखाओं या मत के रूप में देखा जा सकता है। यह महत्वपूर्ण है कि इन सभी मतों को मानने वालों में विविधता के बावजूद पुरातन काल से ही एकता रही है। सुप्रीम कोर्ट ने तो हिंदू को एक जीवन शैली ही कहा है, जो केवल धार्मिक चश्मे से ही नहीं देखा जा सकता है। हिंदू, हिंदुत्व भारतीय वाङ्मय में रचे बसे हैं।

## हमें अपने अतीत से सीखना चाहिए

कालांतर में कुछ लोगों ने इस एकता को भंग करने का प्रयास किया और कुछ लोग आज भी हिन्दू एकता को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं। हम अक्सर सुनते हैं कि हमें अपने अतीत से सीखना चाहिए। आज यह बात अधिक प्रासंगिक प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए यदि हम प्राचीन भारतीय परंपरा को देखें तो अनेक ऐसे प्रसंग मिलते हैं जहां जाति, पंथ, उपासना पद्धति के अलग होने के बावजूद सामाजिक समरसता दिखाई देती है। पौराणिक इतिहास को देखें तो रावण जैसे शक्तिशाली किन्तु दुष्ट का अंत करने वाले श्रीराम को समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग मिला। श्रीराम के मित्र निषादराज केवट तथाकथित 'जातिक्रम में नीचे' के अंतर्गत आते हैं। शबरी भीलनी आज के समय में जनजाति समाज की हैं। श्रीराम की सेना में जो वानर आदि थे वे, वास्तव में उस समय के जंगलों में रहने वाले प्राणी थे। यह चर्चा यहां इसलिए आवश्यक है कि रामकथा में वास्तव में भारत की आत्मा बसती है और रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए राम की सेना में सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिंदु है उन सभी की एकता।

## हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ

परवर्ती काल में आदि-शंकराचार्य भी अपने ढंग से इसी हिन्दू एकता का कार्य कर रहे थे। भारत में मुस्लिम आक्रांताओं के आने से हिंदुओं पर अत्याचार और विभाजित हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ। इसीलिए भक्ति की जो अलख उस समय जगी उसमें कवियों ने एकता की बात पर जोर दिया। 'जाति पांति पूछे नहिं कोई' जैसे वाक्यों के माध्यम से हमारे सन्त-भक्त हिंदुओं को जाति, पंथ आदि के आधार पर न बंटने का सन्देश ही दे रहे थे। आधुनिक युग में स्वामी विवेकानंद का भी एक उद्धरण है कि जब पहली बार हिन्दुस्तान पर मुस्लिम आक्रांताओं ने हमला किया था तो उस समय देश में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी। सोचने वाली बात है कि लगभग 1200 वर्षों के बाद जब 1947 ई. में भारत आजाद हुआ तब हिंदुओं की आबादी लगभग आधी रह गई थी। हिंदुओं की आबादी का आधा हो जाना अनेक प्रश्न खड़े करता है। पाकिस्तान, बांग्लादेश,अफगानिस्तान में तो हिन्दुओं की संख्या में भारी गिरावट हो रही है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश जैसी स्थिति भारत में न बने, इसके लिए जरूरी है कि जाति, भाषा, मत, क्षेत्र आदि की विविधता के बावजूद सभी हिंदुओं में एकता की भावना होनी चाहिए। क्योंकि यह उनके अस्तित्व का सवाल है। आज भारत में इस्लामी आतंकवाद के साथ-साथ पूर्वोत्तर एवं जनजातीय क्षेत्रों में चर्च द्वारा प्रायोजित ईसाई मतान्तरण और अलगाववाद भी अपने चरम पर है। ये शक्तियां मिलकर अंदर ही अंदर भारत को खोखला करने का कार्य कर रही हैं।

## समरसता का विचार अपनाना होगा

आज हिन्दू एकता भारत ही नहीं विश्व के लिए भी बहुत जरूरी है। दत्तात्रेय होसबाले प्रकारांतर से कहते हैं कि यह सर्व मंगल मांगल्ये या 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' अर्थात विश्व कल्याण के लिए है, न कि किसी खास मजहब या रिलिजन तक ही संकुचित है लेकिन होसबाले ने यह भी कहा कि कि यह एकता केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। यानी सभी हिन्दुओं को ऊंच-नीच, बड़ा-छोटा, जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र आदि संकीर्णता से ऊपर उठकर समरसता के उस विचार को अपनाना होगा जो स्वयं कभी प्रभु श्रीराम ने दिखाया था। यही समय की मांग और जरूरत है।

# संघ के तौर-तरीकों को समझना जरूरी



विमर्श

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की दो दिवसीय बैठक के बाद मीडिया की सुर्खियां बनी कि संघ ने बंटेंगे तो कटेंगे वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन किया। संघ पिछले 99 वर्षों से हिंदू समाज की एकता के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो इस वक्तव्य का समर्थन न करने का कोई कारण नहीं। मथुरा के दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, गऊ ग्राम परखम में आयोजित दो दिवसीय बैठक के समापन अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले से पत्रकार वार्ता में यह प्रश्न किया गया था। उन्होंने कहा कि चाहे भाषा जो भी प्रयोग की जाए, यह सच है।

संघ हमेशा से हिंदू एकता पर काम करता रहा है, हमें एकता का प्रयत्न करना होगा इसे आचरण में लाना है। हम जाति, भाषा, प्रांत, अगड़े, पिछड़े में बटेंगे तो कटेंगे। हिंदू समाज की एकता संघ के लिए जीवन वृत्त है। हम इसके लिए आग्रहपूर्वक कहेंगे और करेंगे भी। जिस तरह मीडिया ने इसे चुनाव और राजनीति की दृष्टि से भाजपा की टैगलाइन का अनुसमर्थन साबित किया। गहराई से देखें तो दत्तात्रेय ने व्यापक संदर्भों में बात की। इस संदर्भ में उनकी अगली पंक्तियां भी महत्वपूर्ण हैं- अपने को बचाए रखने और दुनिया का मंगल करने के लिए हम हिंदू एकता चाहते हैं।

## हिंदू एकता बड़ी ताकत बनेगी

हिंदू एकता लोक कल्याण और सबको सुख प्रदान करने वाली। यानी हिंदू एकता का लक्ष्य किसी मजहब, पंथ या देश का विरोध नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता का कल्याण और विश्व का मंगल है। वह एक नहीं रहेंगे तो स्वयं कटेंगे, विश्व के लिए भी अमंगलकारी होगा। इसलिए राजनीति और वोट की दृष्टि से इसका महत्व है, क्योंकि विपक्षी पार्टियों और भारत विरोधी आंतरिक और बाहरी शक्तियों ने जाति के आधार पर बांटकर अपना राजनीतिक, आर्थिक और अन्य लक्ष्य पाने की रणनीति अपनाया हुआ है। भारत विरोधी शक्तियों ने यह समझा है कि हिंदू अगर जातियों से ऊपर उठकर हिंदू के रूप में विचार करने लगा तो भारत को विश्व की प्रमुख महाशक्ति और प्रभावी देश बनने से नहीं रोका जा सकता।

ऐसा हो गया तो वो अपने स्वार्थों को पूरा करने वाली जैसी विश्व व्यवस्था बनाए रखना चाहते हैं, नहीं रह जाएगा। इसलिए यह कामना कि हिंदू समाज एक होकर सोचें, चुनावों के दौरान मतदान करें तथा जाति, प्रांत, भाषा में न बंटे, यह भारत के हित में ही है। दत्तात्रेय के वक्तव्य में राजनीति और चुनाव की बात नहीं थी। यह हो भी नहीं सकती क्योंकि जिन लोगों ने निष्पक्षता से संघ को देखा व अध्ययन किया है उन्हें पता है कि मीडिया और हम विचार केंद्र में जिस तरह वोट और राजनीति को सर्वोपरि रखते हैं वैसा संघ में होता नहीं।

## पंच परिवर्तन का मुद्दा अहम

पत्रकार वार्ता में होसाबोले ने कहा कि पिछले मार्च में हुई प्रतिनिधि सभा की समीक्षा की गई। शाखा में आने वाले व हर समूह के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होता है, इस वर्ष कार्यकारी मंडल बैठक से पूर्व दो दिन का प्रांत टोली का प्रशिक्षण वर्ग हुआ। वर्तमान संदर्भ और



संघ से जुड़े विविध आयामों के कार्य विस्तार पर चर्चा के साथ आने वाले दिनों में हमें क्या-क्या करना है, नये विचार कैसे जुड़ेंगे, समाज के नये व्यक्तियों को कैसे जोड़ना है, विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को जोड़ना और जुड़े हुए लोगों से कार्य विस्तार कैसे हो, इसकी भी चर्चा बैठक में हुई है। संघ 99 वर्ष पूर्ण करते हुए शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। शताब्दी की दृष्टि से तत्काल संघ पंच परिवर्तन का मुद्दा लेकर समाज के बीच जा रहा है। पंच परिवर्तनों में स्व आधारित जीवन शैली, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं।

यह ऐसा विषय है जिस पर केंद्रित होकर भारत का कोई संगठन काम नहीं करता। समस्या यह है कि हमारे राजनीतिक दल, मीडिया तथा बुद्धिजीवियों और एक्टिविस्टों का बहुत बड़ा वर्ग अज्ञानता , निहित स्वार्थों या संकुचित दृष्टि के कारण संघ की आलोचना करता है और संघ खंडन या स्पष्टीकरण में पड़ने की जगह लक्ष्य के अनुरूप काम करता रहता है। होसाबोले ने सही कहा कि संघ के कार्य का मूल आधार है शाखा। जहां शाखा नहीं लगती वहां मासिक संघ मंडली का काम है। 27 अक्टूबर को क्षेत्र प्रचारकों व प्रांत प्रचारकों की बैठक हुई जिसमें पंच परिवर्तन के विषय को समाज के अंतिम पायदान पर कैसे पहुंचाया जाए इसका लक्ष्य तय हुआ। यानी कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से संयुक्त परिवारों को बचाने के लिए स्वयंसेवक घर-घर जाएंगे, परिवार आपस में संवाद बनाए रखें एक साथ भोजन की परंपरा निभाएं इसके लिए लोगों को समझाएंगे। इसी तरह पर्यावरण रक्षा के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को सचेत करना तथा नागरिक कर्तव्य समझाना है। सामाजिक समरसता और स्वदेशी के लिए भी लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य हुआ। जैसा हम जानते हैं कार्यकारी मंडल में ओटीटी प्लेटफॉर्म और इंटरनेट को लेकर गहरी चिंता प्रकट की गई जो भारत के पारिवारिक, सामाजिक विभाजन, कुसंस्कार पैदा करने तथा अन्य प्रकार की अवांछित गतिविधियों का कारण बन रहा है। यह भी तय किया गया कि आपत्तिजनक सामग्रियों के बारे में बच्चों पर पड़ने वाले कुसंस्कारों की जानकारी देनी है। दत्तात्रेय का कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होनी चाहिए, पर इस पर एक नियामक भी बनाने की जरूरत है। सरकार तो इस ओर ध्यान देगी ही, समाज को भी संस्कारों में वृद्धि करके इस ओर ध्यान देना चाहिए। कौन संगठन इतने बड़े खतरे को देखते और समझते हुए भी इस तरफ फोकस करके काम करने को अग्रसर है? कार्यकारी मंडल की बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र और प्रांत के पदाधिकारी होते हैं जबकि कार्यकारिणी में अखिल भारतीय पदाधिकारी के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। संघ की हर बैठक में बांग्लादेश के हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा विचार के केंद्र में रहता है और इनमें भी था।

## विरोधियों को सीखने की जरूरत

अगर होसबोले ने कहा कि हिन्दू समाज को वहां से पलायन करने की जरूरत नहीं है, वे वहीं डटे रहें, वह उनकी भूमि है और यह भी कि जहां भी संकट आता है, हिन्दू भारत की ओर देखता है तो मानकर चलिए कि संघ अपनी क्षमता के अनुसार इसकी हर स्तर पर कोशिश भी कर रहा होगा। विरोधियों को संघ की इसी कार्य पद्धति से सीखने की आवश्यकता है। आमतौर पर राजनीति और अन्य कई क्षेत्रों के लोगों को समझ नहीं आता कि संघ के लोग बार-बार चरित्र निर्माण की बात क्यों करते हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि संघ चरित्र निर्माण का कार्य करता है, जो केवल चर्चाओं में नहीं वरन् आचरण में दृष्टिगोचर होता है।

आपदा के समय अपनी सीमाओं और संसाधनों के साथ मोर्चा संभालने में स्वयंसेवक हमेशा दिखते हैं। विरोधी विचारें कि उनके द्वारा संघ को सांप्रदायिक या दूसरे मजहबों का विरोधी बताना क्या झूठ नहीं?

# निशाने पर सनातन समाज व संस्कृति



दो टूक

प्रणय कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वक्तव्य - बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे..." ने पर्याप्त सुर्खियां बटोरीं। मथुरा में हाल ही में संपन्न संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इसका खुलकर समर्थन किया। अपने-अपने दृष्टिकोण से इसके निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि जातीय चेतना, दलित विमर्श, क्षेत्रीय अस्मिता एवं पृथक पहचान के नाम पर छोटी-छोटी अस्मिताओं को उभारकर समाज एवं राष्ट्र को बुरी तरह विभाजित करने वाले नेताओं एवं दलों को भी सीएम योगी के वक्तव्य और उस पर संघ की सहमति में संकीर्णता एवं सांप्रदायिकता नजर आती है! क्या यह सत्य नहीं कि आज इस देश के प्रमुख विपक्षी दल और उनके नेतागण उन्हीं वामी-जिहादी-औपनिवेशिक गठजोड़ की भाषा बोल रहे हैं, जिनकी दृष्टि में भारत कभी एक राष्ट्र न होकर, राज्यों का संघ मात्र रहा है, जिनकी दृष्टि में इस देश की संस्कृति, अस्मिता व राष्ट्रीयता भिन्न-भिन्न है, जिनकी दृष्टि में आतंकी गुट हमास, हिज़बुल्लाह जैसों का समर्थन तो पंथनिरपेक्षता है, पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर होने वाले अमानुषिक एवं बर्बर अत्याचार पर मुंह खोलना भी मतदाताओं का ध्रुवीकरण है?

## भारत विरोधियों का गिरोह सक्रिय

क्या यह सत्य नहीं कि देश और विदेश में भारत विरोधी बुद्धिजीवियों का एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो जाति-पंथ-भाषा-लिंग-क्षेत्र-मजहब आदि के नाम पर चलने वाले विमर्श को प्रगतिशीलता का पर्याय व परिचायक बताता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहां के मूल समाज व सनातन संस्कृति की छवि को धूमिल करने की ताक में घात लगाए बैठा रहता है? कौन नहीं जानता कि आज भारतीय समाज अंतर्बाह्य चुनौतियों एवं संकटों से घिरा है व निशाने पर भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं सनातन संस्कृति है? क्या इसमें भी कोई दो राय हो सकती है कि इस देश को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक एकता के सूत्र में पिरोए रखने के लिए परस्पर जुड़े रहने की आवश्यकता है? न केवल वर्तमान, अपितु अतीत में क्या हमारी सबसे बड़ी दुर्बलता विभाजनकारी प्रवृत्तियां और विभेदकारी कुरीतियां नहीं रहीं? क्या यह ऐतिहासिक सत्य नहीं कि विदेशी आक्रांताओं एवं साम्राज्यवादी शक्तियों ने फूट डालो और राज करो की नीति का अनुसरण करते हुए हमें दासता की बेड़ियों में जकड़ा और अंततः भारत को विभाजित करने में भी वे सफल रहे?

## भारत-विभाजन के कारण समझें

योगी या संघ के वक्तव्य को राजनीतिक पूर्वाग्रहों से विश्लेषित करने के स्थान पर अतीत के निर्णायक युद्धों में मिले जय-पराजय एवं भारत-विभाजन के कारणों-परिणामों के संदर्भों में देखना-समझना होगा। इतिहास साक्षी है, अतीत के हर निर्णायक युद्ध में हम विदेशी आक्रांताओं की वीरता नहीं, कुटिलता एवं धूर्त्तता के कारण हारे। हमने अद्भुत शौर्य, साहस एवं पराक्रम दिखाया, आवश्यकता पड़ने पर प्राणों की बाजी



लगाई, राष्ट्र की बलिवेदी पर सर्वस्व न्योछावर करने की भावना रखी, पर निहित स्वार्थों, मिथ्या दर्पों, आहत अभिमानों तथा पारस्परिक द्वेष एवं वैमनस्यता आदि के कारण अपनों से ही विश्वासघात कर बैठे और अंततः पराजित हुए। हमने कभी सामूहिक-संगठित-एकजुट होकर विदेशी आक्रांताओं का सामना नहीं किया। भारत-भूमि के विभाजन की विभीषिका विश्व-इतिहास की सबसे अमानवीय, नृशंस, क्रूरतम एवं भयावह त्रासदियों में से एक है। परंतु घोर आश्चर्य है कि इसके मूल कारणों, प्रमुख घटकों, भयावह परिणामों आदि को इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में दर्ज करने, पढ़ाए जाने एवं उन पर खुली चर्चा करने के स्थान पर कथित 'गंगा जमुनी तहज़ीब' व 'भाईचारे' के तराने गाए जाते रहे। विभाजन से एक वर्ष पूर्व मोहम्मद अली जिन्ना व मुस्लिम लीग के नेतृत्व में 16 अगस्त 1946 को अलग पाकिस्तान की मांग पर 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया गया। संयुक्त बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री हसन शहीद सुहरावर्दी के नेतृत्व में कट्टरपंथियों ने चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया, 72 घंटे के भीतर 6 हजार से अधिक हिंदुओं का कत्लेआम किया गया, हजारों हिंदू माताओं-बहनों-बेटियों को दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। न केवल विभाजन के कालखंड में बल्कि बाद के दिनों में भी बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान), पाकिस्तान, अफगानिस्तान में हिंदुओं-सिखों-बौद्धों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा, जिसकी परिणति वहां अल्पसंख्यकों की घटती जनसंख्या व जबरन मतांतरण में देखी जा सकती है। विभाजन के समय पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों की आबादी 14.2 प्रतिशत एवं पूर्वी पाकिस्तान में 28.4 प्रतिशत थी, जो आज घटकर क्रमशः 2.14 और 8.5 तक पहुंच गई है। वर्ष 1970 तक अफगानिस्तान में हिंदू-सिखों की अनुमानित संख्या लगभग 7 लाख थी, जो मजहबी हिंसा एवं तालिबानी राज में घटकर मात्र 43 रह गई है। आज बांग्लादेश में चहुंओर कट्टरपंथ क्रूर अट्टहास कर रहा है और बंग संस्कृति स्तब्ध है! वहां चुन-चुनकर हिंदुओं की दुकानें लूटी जा रही हैं, उनके घरों को निशाना बनाया जा रहा है, सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देने के लिए उनसे जबरन हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं, मंदिर व मूर्त्तियां तोड़ी जा रही हैं, महिलाओं के साथ सरेआम दुर्व्यवहार किया जा रहा है, यहां तक कि उन्हें दुर्गा पूजा और दीपावली तक मनाने से रोका जा रहा है। पूरी दुनिया ने उनकी रोती-बिलखती तस्वीरें देखीं। क्या यह भी बताने की आवश्यकता है कि केवल मत-पंथ-पूजा-विश्वास आदि भिन्न होने के कारण हिंदुओं के प्राणों पर संकट के घनघोर बादल घिर आए हैं?

## कट्टरपंथियों का निशाना

ऐसे में यदि सीएम योगी आदित्यनाथ एवं संघ आसन्न संकटों के प्रति भारत के मूल समाज को सचेत व सावधान कर रहे हैं तो इस पर क्यों आपत्ति होनी चाहिए? स्मरण रहे कि कुफ्र-काफ़िर के दर्शन से प्रेरित-संचालित-प्रभावित कट्टरपंथियों के निशाने पर कभी कोई जाति, दल या विचारधारा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व व वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास रखने वाली सनातन संस्कृति ही रही है। सनातन समाज को जातियों-वर्गों में बांटकर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले दलों एवं बुद्धिजीवियों को पाकिस्तान के पहले कानून मंत्री योगेंद्रनाथ मंडल का नाम व हस्र अवश्य याद रखना चाहिए। उन्हें भी लगता था कि पाकिस्तान जाकर वे दलितों-वंचितों का हित साध सकेंगे, परंतु नतीजा क्या रहा? उन्हें रातों-रात भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी और उनकी बातों में आकर पाकिस्तान गए उनके लाखों अनुयायियों को अंतहीन पीड़ा एवं यातनाओं के दौर से गुजरना पड़ा। इसलिए हमें इतिहास से सबक लेते हुए एक व एकजुट रहने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना होगा।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में किशोर की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे एक किशोर की मौत हो गई।जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांछा का है। यहां का रहने वाला किशोर लालमन पुत्र रज्जू (13) सुबह कन्या भोज खाने गया हुआ था दोपहर में साइकिल से घर लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने रास्ते में टक्कर मार दी जिसकी वजह से किशोर की मौके पर मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। सीओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया- गांछा घाट से कन्या भोज की कन्याओं को लेकर ट्रैक्टर ट्राली आ रही थी। तभी साइकिल सवार दो बच्चे सामने आ गए और उसकी टक्कर से गिर गए। जिसकी वजह से एक बच्चे लालमन की मौके पर मौत हो गई।दूसरा बच्चा घायल हो गया।घायल बच्चे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक का नदी किनारे मिला शव

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक का शव नदी किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और परिजनों को सूचना दी।इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना अतर्रा कोतवाली क्षेत्र की है। यहां के मोहतरा उसरी का पुरवा के रहने वाले राम मनोहर का शव नदी किनारे पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, राम मनोहर बचपन से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त था।4 दिन पहले घर से सुहाई बाबा समाधि का दर्शन करने और अपना इलाज कराने के लिए चला गया था और तब से वह घर नहीं आया था।राम मनोहर के घर वाले उसको तलाश करने में लगे हुए थे।वह 4 भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी शादी नहीं हुई थी। पिता मजदूरी और किसानी करते हैं।मौत की खबर सुन कर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राजापुर गिरंट में आयोजित हुई किसान जागरूकता गोष्ठी

## पराली जलाने से होने वाले नुकसान व पराली से फायदे की दी जानकारी

**किसानों को पराली न जलाने की दिलाई गई सामूहिक शपथ**

अमन लेखनी समाचार



मिहींपुरवा, बहराइच।किसानों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र की एक टीम ने गांव पहुंचकर किसानों को जागरूक किया इस दौरान वैज्ञानिकों ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान तथा पराली न जलाने से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम ग्राम राजापुर ग्रेंट विकासखंड बलहा में आयोजित किया गया।जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एस के बरगाह ने किसानों को धान की पराली न जलाने के लिए जागरूक किया तथा बताया कि पराली जलाने से मृदा का तापमान बढ़ता है तथा कई लाभदायक जीव जैसे केंचुआ आदि जलकर नष्ट हो जाते है तथा शेष बचे पोषक तत्व नाइट्रोजन फॉस्फोरस पोटाश सल्फर आदि जलकर नष्ट हो जाते है।इसी क्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ पीके सिंह ने बताया कि पराली जलाने से कई हानिकारक गैसे जैसे हानिकारक कार्बन मोनो ऑक्साइड, कार्बन डाई ऑक्साइड ,नाइट्स ऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है जिसका सीधा बुरा असर मानव जीवन बढ़ता है इसके साथ साथ न जलाने पर फसल अवशेष को मृदा में मिलाने से कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है तथा मृदा सतह की कठोरता कम होती है इसी क्रम में केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने किसानों को फसल अवशेष के अंतर्गत हैप्पी सीडर सुपर सीडर तथा जीरो टिलेज सीड ड्रिल द्वारा किसानों से गेहूं की बुबाई करने के लिए किसानों से आग्रह किया इन मशीनों से बुवाई करने से खरपतवारों का प्रकोप भी कम होता है तथा पानी की बचत भी होती है तथा किसानों को पराली न जलाने के लिए शपथ भी दिलाई गई।जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ किसान मुखतियार सिंह,किसान व सेवानिवृत्त आर्मी कुलदीप सिंह,गुरु उपदेश सिंह,जोग सिंह,मुख्तियार, चरनजीत सिंह, प्रकृति प्रेमी मिथिलेश जायसवाल सहित लगभग सौ किसान व स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सम्पन्न हुई कुर्की की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



बहराइच।न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 द्वारा अन्तर्गत धारा-14 (1) गिरोहबन्द एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बमुकदमा सरकार बनाम देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह जिसमें अभ्युक्ति देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र स्व. रामफल सिंह निवासी मोहनपुर माफी थाना पयागपुर जनपद बहराइच हालपता मो. रायमपुर राजा निकट केडिया अस्पताल, जेल रोड थाना कोतवाली देहात स्थित जनपद बहराइच द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति मो. रायपुर राजा स्थित मकान संख्या 424 (एम-2) व अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह उपरोक्त की पत्नी श्रीमती सारिका सिंह के नाम मकान संख्या 424 (एम-1) भूमि एवं मकानों की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू. 1.46,81,269/- को नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को प्रशासक नियुक्त कर कुर्की करने के आदेश दिये गये थे। न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच शालिनी प्रभाकर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (प्रशिक्षु) सुश्री अंजनी यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रमेश चन्द्र पाण्डेय, तहसीलदार (सदर) अनिरूद्ध कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मय राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कुर्की की कार्यवाही सम्पादित की गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कुर्की की कार्यवाही के पूर्व डुग्गी पिटवाकर कृत कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करायी गयी।

# जनपद में डीएपी एनपीके पर्याप्त मात्रा में है उपलब्ध: जिला कृषि अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।जनपद में रवी सीजन में गेहूं सरसों मसूर इत्यादि की बुवाई चल रही है इसमें कृषक भाइयों के द्वारा डीएपी एवं एनपीके की मांग की जा रही है जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अभी 45290 मेट्रिक टन, उर्वरक उपलब्ध है जिसमें 4231 मेट्रिक टन डीएपी एवं 4671 मेट्रिक टन एनपीके,24234 मेट्रिक टन यूरिया, एवं 12192 मैट्रिक टैंक सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है।जनपद के सभी सहकारी समिति पर डीएपी एवं एनपीके लगातार भेजी जा रही है जिन समितियां द्वारा उर्वरक की डिमांड की जा रही है वहां तत्काल संज्ञान में लेकर उर्वरक भेजा जा रहा है।इस समय जनपद में लगभग 500 दुकानों पर डीएपी एवं एनपीके की उपलब्धता बनी हुई है जनपद में डीएपी की कोई कमी नहीं है।पिछले वर्ष नवंबर महीने में 3415 मेट्रिक टन डीएपी की बिक्री हुई थी उसके सापेक्ष अभी जनपद में 4231 मेट्रिक टन (84620 बोरी) डीएपी एवं 4671 मेट्रिक टन (93420 बोरी) एनपीके उपलब्ध है जनपद में किसानों को डीएपी एवं एनपीके की कमी नहीं होने दी जाएगी।सभी कृषक भाइयों को ससमय में डीएपी एवं एनपीके उर्वरक उपलब्ध कराई जाएगी सभी कृषक भाइयों को अनुरोध है कि की डीएपी एवं एनपीके उर्वरक की होर्डिंग ना करें। जनपद में नवंबर एवं दिसंबर महीने में डीएपी और एनपीके लगातार आती रहेगी और किसानों के मध्य वितरित किया जाता रहेगा।

# नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सम्पन्न हुई कुर्की की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 द्वारा अन्तर्गत धारा-14 (1) गिरोहबन्द एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बमुकदमा सरकार बनाम देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह जिसमें अभ्युक्ति देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र स्व. रामफल सिंह निवासी मोहनपुर माफी थाना पयागपुर जनपद बहराइच हालपता मो. रायमपुर राजा निकट केडिया अस्पताल, जेल रोड थाना कोतवाली देहात स्थित जनपद बहराइच द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति मो. रायपुर राजा स्थित मकान संख्या 424 (एम-2) व अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह उपरोक्त की पत्नी श्रीमती सारिका सिंह के नाम मकान संख्या 424 (एम-1) भूमि एवं मकानों की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू. 1.46,81,269/- को नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को प्रशासक नियुक्त कर कुर्की करने के आदेश दिये गये थे। न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच शालिनी प्रभाकर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (प्रशिक्षु) सुश्री अंजनी यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रमेश चन्द्र पाण्डेय, तहसीलदार (सदर) अनिरूद्ध कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मय राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कुर्की की कार्यवाही सम्पादित की गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कुर्की की कार्यवाही के पूर्व डुग्गी पिटवाकर कृत कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करायी गयी।

# घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल हुई चोरी

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। वाहन चोरो के हौसले बुलंद है। चोर घर के बाहर खडी दो पहिया वाहन कों चोरी कर ले गए। इसकी शिकायत वाहन मालिक मो सलमान ने थाना रूपईडीहा में दी है।मो सलमान पुत्र पुत्तन निवासी नई बाजार बाबागंज ने बताया है कि मंगलवार कों मोटर साईकिल सुपर स्प्लेंडर नम्बर यूपी 40एएफ 5262 घर के बाहर खडी की थी।मोटर साईकिल खडी कर पीड़ित घर के अंदर खाना खाने चला गया था।थोड़ी देर बाद घर के बाहर आकर देखा तो बाइक नहीं मिली।आसपास तलाशने पर भी जब मोटर साईकिल का पता नहीं चला तो थाना रूपईडीहा में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस बाइक चोरी की घटना कों संज्ञान में लेते हुए सक्रिय दिखी और आसपास लगे सीसीटीवी में घटना की फुटेज देर शाम तक तलाशती रही।

# जनपद में 07 नवम्बर से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह नवम्बर 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 07 से 25 नवम्बर 2024 तक होगा।अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (18 कि.ग्रा. चावल 17 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.5 कि.ग्रा. चावल तथा 2.5 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 नवम्बर 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# तीन गो- तस्कर गिरफ्तार

- चार गोवंश और गौकसी का सामान बरामद

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान पुलिस और एसओजी टीम ने तीन गो तस्करों को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी, चार गोवंश और बड़ी मात्रा में तस्करी में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सरूवावा तिराहे का है।पुलिस और स्वाट टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी कर रही थी, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सरूवावा गांव में कुछ तस्कर गायों को इकट्ठा कर उन्हें दूसरे जिले में ले जा रहे हैं।सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर चेकिंग शुरू की।तलाशी के दौरान पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी को रोका, जिसमें चार गोवंश बंधे हुए थे।पुलिस ने गोतस्करों के पास से बड़ी मात्रा में धारदार हथियार, चापड़, लकड़ी का ठीहा, लोहे का तराजू, बाट, नायलॉन लस्सी, पन्नी का पैकेट, निवाड़, और एक बिना नंबर की पिकअप गाड़ी बरामद की। गिरफ्तार तस्करों की पहचान इस्तिखार उर्फ माना, असलम शाह, और फरीद के रूप में हुई है, जो सभी थाना बंधुआकला, जनपद सुल्तानपुर के रहने वाले हैं।इन तीनों गोतस्करों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी में मुंशीगंज पुलिस के साथ-साथ स्वाट टीम भी शामिल रही। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवकांत त्रिपाठी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में यह बड़ी कामयाबी मिली है।पुलिस ने मामले में अन्य वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मेरी माटी-मेरा कुण्ड अभियान का आयोजन

## अमेठी के इस्माइलपुर में मेरा गांव, देव गांव अभियान से जुड़ेंगे 251 गांव

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में गायत्री शक्तिपीठ और गायत्री परिवार की ओर से समय-समय पर समाज में किए जाने वाले विभिन्न उत्कृष्ट कार्यक्रमों की कड़ी में आज 'मेरी माटी-मेरा कुण्ड' अभियान का आयोजन किया गया।यह अभियान भादर ब्लॉक के इस्माइलपुर बड़ा ग्रामसभा में आयोजित हुआ। युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 18 से 22 मार्च 2025 के बीच होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी के तहत यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस्माइलपुर बड़ा ग्रामसभा के लोगों ने अपने घरों की मिट्टी का पूजन कराकर यज्ञ किया। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महायज्ञ में 251 गाँवों की पूजित मिट्टी से हवन कुण्डों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने घरों से मिट्टी लेकर आए, जिसका विधिवत पूजन कर पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।यज्ञाचार्य इंद्रदेव शर्मा ने कार्यक्रम को सम्पन्न कराते हुए बताया कि यह राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ऐतिहासिक होने जा रहा है।

अमेठी और आस-पास के 251 से अधिक गाँवों तक 'मेरा गाँव देव गाँव' अभियान का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का सबसे विराट यज्ञ अमेठी में होने जा रहा है, जो अमेठीवासियों के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है।

इस यज्ञ में यज्ञाचार्य सत्यम अग्रहरि सहायक की भूमिका में रहे।इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र प्रसाद सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, समर बहादुर सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राज कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह, शुभम सिंह, सतीश चंद्र बरनवाल, लाल चन्द्र गुप्ता, राम पियारे मौर्या, राम करन मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# बांदा में दिवारी नृत्य की धूम, दर्शकों की उमड़ी भीड़

- क्षेत्रीय भाषा और वेशभूषा, परंपरा को समेटे सदियों की पुरानी संस्कृति

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा दीपावली को बुंदेलखंड की परंपरागत मशहूर दिवारी नृत्य की धूम रही। एक-दूसरे पर लाठियां बरसाते और बचाव करते हैरतअंगेज कारनामे देखने को दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा।रंग बिरंगे पोशाक वालों का डंडा नृत्य और मोर पंख धारक मौनियों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।दिवारी खेलने वालों के साथ मौन चराने वाले मौनिया मोर पंख लिए उछल-कूद मचाते रहे।मुख्यालय स्थित महेश्वरी देवी मंदिर के सामने सुबह से देर शाम तक दिवारी और पाई डंडा नृत्य की धूम रही।दर्जनों गांवों की टीमों ने देवी दरबार में मत्था टेककर दिवारी खेली।बुंदेलखंड की अनोखी परम्परा दिवारी के नृत्य को देख कर लोगों की भीड़ जमा होने लगती है।इसमें नर्तक ढोल नगाड़ों की आवाज में नृत्य करते है।लाठियां भांजते हुए अद्भुत करतब दिखाते है। दीपावली के बाद दिवाली गाकर देखते ही देखते सभी युवा हाथों में लिए लाठी डंडों से एक दूसरे पर ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर देते हैं।मानो ऐसा लगता है

कि यहां दीपावली पर्व मनाने नहीं बल्कि कोई युद्ध का मैदान जीतने के लिए लोग इकट्ठा हुए है। बरसाने की लठमार होली की तरह ही बुंदेलखंड की लठमार दिवाली अपनी क्षेत्रीय भाषा और वेशभूषा, परंपरा को समेटे सदियों पुरानी संस्कृति है।

कहा जाता है कि जब द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने जब इंद्र के प्रकोप से बृजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था।तभी इंद्र पर विजय के रूप में जश्न मनाते हुए बृजवासियों ने दिवाली नृत्य किया था। इस नृत्य को दुश्मन को परास्त करने की सबसे अच्छी कला भी माना जाता है।जिसे बुंदेलखंड में बखूबी आज भी बच्चे, बूढ़े और जवान टोली बनाकर निभाते चले आ रहे हैं। धनतेरस से लेकर दीपावली की दूज तक गांव-गांव में दिवाली खेलते नौजवानों की टोलियां घूमती रहती है। हजारों की भीड़ इन टोलियों के युद्ध कौशल को देखने पहुंचती है।

# बांदा में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**ससुर बोले- दूसरे घर में बहू-बच्चे सो रहे थे, अज्ञात लोगों ने पत्थर से कूच कर मार दिया**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गई। सुबह परिजनों को जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।घटना नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पड़मई की है। यहां की रहने वाली आशा (32) का शव घर से 50 मीटर दूर पड़ा हुआ मिला।जब सुबह के बच्चे ने देखा तो उसने घर वालों को जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। ससुर ने बताया की आशा की शादी 12 साल पहले हुई थी और उसके तीन भी बच्चे थे और उसका पति मुंबई में रहकर नौकरी करता था।कल रात को 10 बजे तक सब साथ में थे और उसके बाद अपने बच्चों के साथ घर में अकेली सो रही थी।उसके सास और ससुर अपने दूसरे वाले घर में थे तभी देर रात को अज्ञात हत्यारे ने आशा की पत्थर से कुचल कर उसकी हत्या कर दी।

# बच्चे को बंधक बनाकर लूट की घटना निकली झूठी

- नानी की डांट के डर से बच्चे ने गढ़ दी मनगढंत कहानी, पुलिस जांच में खुलासा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में मोहनगंज थाना क्षेत्र के तिलोई कस्बा स्थित कटारी बाग में बच्चे को बंधक बनाकर लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई, लेकिन पुलिस जांच में सच्चाई कुछ और ही निकली।दरअसल, बच्चे ने अपनी नानी की डांट से बचने के लिए एक मनगढ़ंत कहानी गढ़ डाली। परिजनों ने उसकी बातों पर यकीन करते हुए पुलिस को लूट की सूचना दे दी। कई घंटों की जांच और पूछताछ के बाद पुलिस ने इस मामले का राजफाश कर दिया। घटना मोहनगंज थाना क्षेत्र के कटारी बाग की है।बिल्लू पासी की मां तिलोई नहर पर पान की दुकान चलाती हैं। आज दोपहर, जब पूरा परिवार इन्हौना थाना क्षेत्र के आजादपुर में मिट्टी कार्यक्रम में शामिल होने चला गया, तो आठ साल का कार्तिक उर्फ सन्नू घर पर अकेला रह गया।शाम को जब परिवार वापस लौटा, तो कार्तिक ने एक काल्पनिक लूट की कहानी सुना दी। उसने बताया कि कुछ लोग घर में घुसे और उसे बंधक बनाकर घर में लूटपाट की।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और जांच में जुट गई।एसएचओ मोहनगंज, राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस को शुरू से ही इस घटना पर संदेह था। गहन पूछताछ के बाद पता चला कि परिजनों के जाने के बाद कार्तिक खेलते-खेलते घर से बाहर चला गया था। जब काफी देर बाद वह वापस लौटा, तो घर का एक दरवाजा खुला पाया। इसी दौरान परिजन वापस आ गए और दरवाजा खुला देखकर बच्चे से कारण पूछा।नानी की डांट से बचने के लिए कार्तिक ने लूट की कहानी गढ़ दी।एसएचओ ने बताया कि यह लूट की घटना पूरी तरह से काल्पनिक थी और कोई चोरी या लूटपाट नहीं हुई।पुलिस ने परिवार को सच्चाई से अवगत करा दिया है।

# संक्षेप

## पराली को जलाने की बजाय गौशाला पहुंचाने की अपील

**अमन लेखनी समाचार**

बुलंदशहर, बुलंदशहर में स्याना तहसील सभागार में पराली अवशेषों के उचित उपयोग के लिए एसडीएम गजेंद्र सिंह और तहसीलदार अजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लेखपालों ने भाग लिया और एसडीएम ने सभी लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने कहा, पराली जलाने वालों की सूचना तुरंत तहसील प्रशासन को दें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम किसानों को सही दिशा में मार्गदर्शन करें। तहसीलदार अजय कुमार ने भी अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा, किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि पराली और फसलों के अवशेषों को जलाने के बजाय गौशालाओं में दान दें या अपने पशुओं के चारे के रूप में उपयोग करें। इससे न केवल वायुमंडल को हानि होती है, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। तहसीलदार ने कहा, शासन पराली जलाने के मामले को गंभीरता से ले रहा है। जो लोग पराली जलाते हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को पराली अवशेषों के पशु चारे के रूप में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया ताकि प्रदूषण में कमी लाई जा सके। गौशालाओं को दान का आान करते हुए तहसीलदार ने कहा, यदि कोई व्यक्ति शासन के आदेशों का पालन नहीं करता है, तो उस पर जुमार्ना लगाया जाएगा। और अगर उल्लंघन जारी रहता है, तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

## भैया दूज पर्व पर जमकर हुई गोलों की बिक्री

**अमन लेखनी समाचार**

बुलंदशहर, बुलंदशहर में भैया दूज का पर्व नगर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक किया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी श्रद्धा के अनुसार बहनों को उपहार भेंट किए। इस खास दिन पर बाजार में नए कपड़ों और उपहारों की धूम मच गई। इस बार रेडीमेड कपड़ों की डिमांड बेतहाशा बढ़ गई। बहनों ने इस अवसर पर जमकर खरीदारी की, जिससे व्यापारी खुश नजर आए। नए वस्त्रों के साथ-साथ उपहारों की खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ दुकानों पर उमड़ी, जिससे बाजार में रौनक लौट आई। हालांकि, बहनों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए भीषण जाम का सामना करना पड़ा। नगर के स्टेट हाईवे, बुगरासी रोड, बुलंदशहर रोड और हापुड़ मार्ग पर जाम लगा रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया, लेकिन तब तक कई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भाई-बहनों के इस विशेष पर्व को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने बसों की संख्या बढ़ाई। बहनों को आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बसों का आवागमन तेज कर दिया गया।

# विशाल दौड़ प्रतियोगिता में लखनऊं के इस्लाम अली ने बाजी मारी

## एडीएम वित्त एवं प्रशासन ने पुरस्कृत किया



**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। खजनी तहसील अंतर्गत खजुरी बाजार में आयोजित विशाल दौड़ प्रतियोगिता में 5 किलोमीटर और 1600 मीटर लंबी दौड़ का आयोजन किया गया।5 किलोमीटर लंबी दौड़ में लखनऊं के इस्लाम अली ने 14.02 मिनट दौड़ पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर गोरखपुर के अमित कुमार ने 14.22 मिनट में तथा तीसरे स्थान पर महाराजगंज के अजय कुमार ने 14.28 मिनट में दौड़ पूरी की। इसी प्रकार 1600 मीटर लंबी दौड़ में अमेठी लखनऊं के इंद्रजीत कन्नौजिया 3.51 मिनट में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया वहीं चौरी चौरा के रूस्तम पासवान ने 4 मिनट में दौड़ पूरी कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा गोरखपुर के संदीप कुमार तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एडीएम वित्त एवं राजस्व विनित कुमार सिंह विशिष्ठ अतिथि एसडीएम कुंवर सचिन सिंह एसपी साउथ जितेन्द्र कुमार समाजसेवी अंशिका पांडेय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, उपहार, स्मृति चिन्ह और उपहार राशि देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा फीता काट कर तथा वाराणसी से आए राधाकृष्णन मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें 7 राज्यों और 42 जिलों से पहुंचे युवा प्रतिभागियों ने लंबी दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के आयोजक संदीप सिंह यादव और संयोजक बैजनाथ जायसवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया तथा मंच संचालन विकास यादव ने किया। इस अवसर पर जिले के उप क्रीड़ा अधिकारी धर्मवीर सिंह,संदीप सिंह यादव सरकार ,बैजनाथ जायसवाल, अमित जायसवाल, आर एम हॉस्पिटल सिसवा सोनबरसा संचालक डॉ उपेंद्र यादव ,ऋतुराज सिंह , योगेश सिंह ,आर्य सिंह, रामकृपाल सिंह ,अमन सिंह, लोकेश जायसवाल ,विकास नाथ, विंध्याचल सिंह ,टिंकू मिश्रा ,संजय सिंह , विजय यादव ,अशोक कुमारशिवचरण प्रजापति, शिव प्रकाश ,चौरसिया हरिश्चंद्र प्रजापति, वीरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग और क्षेत्र के युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# तहसील क्षेत्र के धान क्रय केन्द्रों पर खरीद हुआ शुरू



**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पाली प्रथम व पाली द्वितीय धान खरीद केन्द्र पर धान की खरीद सुरु हो गयी है वही मिनवा मे बने क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद किया गया पाली के ग्राम पंचायत डोहरिया व विसरी के किसानों ने धान क्रय केन्द्र पर धान बेचा जिसमे किसान जयप्रकाश पांडेय ने 45 कुंटल ओमप्रकाश तिवारी ने 40कुंटल, राजू पांडेय 24 कुंटल व किसान मेघनाथ, चंद्रिका, लवकुश मिश्रा, ओमप्रकाश पांडेय, प्रमोद यादव, प्रमोद राज समेत तमाम किसानों ने पाली प्रथम व द्वितीय क्रय केन्द्रों पर धान की विक्री किया वही विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ला ने क्रय केन्द्र पर अपनी मौजूदगी में खरीद सुरु करवाया मौके पर एमआई पाली पवन सिंह, यमो सहजनवां रंजन सिंह मण्डल अध्यक्ष भाजपा शिव चरन, मिनवा प्रधान दिनेस जयसवाल, कमलेश प्रजापति, पंकज कुमार मौजूद रहे।

# द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग का स्थापना दिवस केक काट कर मनाया




**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) का स्थापना दिवस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर में हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अभियंत्रण क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शिक्षकों, और छात्रों ने भाग लिया ।द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ एन के सिंह ने अपने संबोधन में संस्था के महत्व और अभियंत्रण के क्षेत्र में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर आर सी पांडे ने किया। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, इं पी के मिश्रा, इं एम डब्लू बेग, इं एम पी कंडोई, फामेर्सी निदेशक पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ आशुतोष गुप्ता, आशुतोष राव सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# मंदिर परिसर का श्रद्धालुओं ने कराया सौंदर्यीकरण

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमटौरा में स्थित राम जानकी मंदिर के प्रांगण में पंचमुखी हनुमान मंदिर,शिव मंदिर का नव निर्माण हुआ है ।जिसमे पूजा अर्चन के लिए क्षेत्र के श्रद्धालु नियमित आते रहते है। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो उसके लिए छायाकुंज का निर्माण,चबूतरे का निर्माण,स्टील चेयर की व्यवस्था की गई है जिसे देख कर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है इस नेक कार्य की प्रशंसा पूरे क्षेत्र में हो रही है। बताते चले की इस नेक कार्य को ग्राम सभा अमटौरा के श्रद्धालु राम मनोहर सिंह, विजय प्रकाश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, जीत बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, योगेंद्र बहादुर सिंह, गंभीर सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव ,श्री बहादुर सिंह, हरेंद्र सिंह, छोटे सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव ,अशोक सिंह पूर्व प्रधान,अखिलेश सिंह,अनिल मिश्रा, फौजी साहनी, धीरज साहनी, ज्ञान साहनी व समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवसियों के सहयोग द्वारा कराया गया है ।इन लोगो द्वारा इस प्रकार के



सामाजिक और पुनीत कार्य क्षेत्र में किए जाते रहे है,इसके साथ ही मंदिर समिति को यह आश्वस्त किया गया कि, आने वाले समय में जो भी आवश्यकता होगी वह कार्य किए जाएंगे।

# एक दिवसीय संकुल स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। जनपद के ब्लॉक संसाधन केंद्र हफीजाबाद के सभागार में सभी परिषदीय विद्यालयों के संकुल शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खण्ड शिक्षाधिकारी विनय कुमार नें की।एक दिवसीय आयोजित कार्यशाला में जनपद की एस आर जी डॉक्टर रचना सिंह एवं मसर्रत फातिमा एवं विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण के एआरपी क्षितिज कुमार उपस्थित हुए। जिन्होंने आगामी 18 व 19 नवंबर को NAT एवं 04 दिसंबर को NATकी प्रस्तावित परीक्षा के संबंध में गहन पूर्वक बिंदुवार चर्चा की। वहीं खण्ड शिक्षाधिकारी विनय कुमार नें बताया कि विभाग द्वारा सप्ताह के हर शनिवार को इन दोनों परीक्षाओं की तैयारी हेतु ओएमआर शीट पर प्रैक्टिस कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए है ।प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक संदर्शिकाएं और अन्य शिक्षण सामग्रियां भेजी जा चुकी है जिनका प्रत्येक शिक्षक द्वारा दैनिक शिक्षण में शत प्रतिशत प्रयोग किया जाना है ।बैठक में छात्र उपस्थिति बढ़ाए जाने हेतु सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण बैठकों के संबंध में शिक्षकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए और इसके सकारात्मक परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई ।इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी शिक्षक संकुलों को विभागीय योजनाओं को क्रियान्वित करवाने हेतु तथा अपने अपने सेवित विद्यालयों को निपुण बनाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये ।अंत में निपुण शपथ के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।

# विधायक और एसडीएम ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत छठ पूजा को लेकर सुर्य के उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर मंगलवार को विधायक प्रदीप शुक्ल ने सहजनवा तहसील क्षेत्र के घाटों निरीक्षण किया ।निरीक्षण के आवश्यक निर्देश भी दिए। मंगलवार को नहाय खाय छठ महापर्व शुरू हो रहा है ।तालाब पोखरे व नदीयों के घाटों पर व्रतियों के परिजन बेदियों तैयार कर अंतिम रूप दे रहे है ।विधायक ने खानिमपुर स्थित पोखरे निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया ।पोखरे पर लटकते बिजली के तार को ठीक करने के लिए जेई को निर्देश दिया ।आगे एसडीएम दीपक गुप्ता व सीओ प्रशाली गंगवार एव ईओ सूर्यकांत ने सहजनवा कस्बा,मुंडा कोडरा, बेलहर ,पिपरा, कालेसर, गाहासाड समेत अन्य छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया ।घाटों पर मिले कमियों को मौजूद कर्मियों को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया ।इस दौरान एसओ विशाल उपाध्याय,पारस कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

# पार्षद ने छठ घाट बनवाने के साथ लगवाया सोलर लाइट

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। वार्ड नंबर 04 मदन मोहन मालवीय नगर, के भाजपा पार्षद राजा यादव ने छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए। 38 स्थानों पर छठ माता, का छठ घाट बनवाने एवं साफ सफाई करवाने के साथ 25 धार्मिक स्थानों के साथ कुछ प्रमुख आवश्यक वाले स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट लगवाने का कार्य किया है ।इसके लिए पार्षद के वार्ड में उनकी बहुत ही सराहना हो रही है। पार्षद ने बताया कि छठ पूजा का महापर्व बहुत ही धार्मिक और साफ सफाई वाला त्यौहार है। इसमें माता और बहनें सूर्य देव की उपासन करती हैं ।इसीलिए सभी मुहल्लों में जहां भी आवश्यकता थी अपने सहयोगी कार्यकताओं के साथ मिलकर छठ घाट बनवा दिया हू और



आवश्यकता अनुसार सोलर स्ट्रीट लाइट भी लगाने का कार्य किया गया है। इस अवसर पर विनोद कुमार राय अध्यक्ष मालवीय नगर, मानिक दीक्षित, धर्मेन्द्र पासवान,गिरिजा शंकर गुप्ता, श्रवण कुमार सिंह, विशाल सिंह, चंदजीत पासवान,अनंत शर्मा, अरुण कुमार राय, अवधेश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, चंदन सिंह, प्रदीप सिंह, राजन सिंह, सतीश चंद्र जायसवाल, विशाल सिंह रूपेश मौर्य सहयोग में खड़े रहे।

# कस्बे में चूल्हे की चिंगारी से संपत्ति का हुआ नुकसान

**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी/फतेहपुर। कहते की विपत्ति कभी बता कर नही आती उसी क्रम में एक परिवार में मानो विपत्ति का पहाड़ आ बैठा एक तरफ आग तो दूसरी तरफ युवक को लगा करेंट जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे में चूल्हे की चिंगारी से घर में आग लग गई आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ लग गई सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड पहुंची आग को पूरी तरह से बुझाया गया जानकारी होने पर कस्बा लेखपाल भी मौके पर पहुंचे नगदी व सामान सहित कई हजार रुपए की संपत्ति जल गई।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कजियाना में मंगलवार की दोपहर को चूल्हे की चिंगारी से समीम के घर में आग लग गई ।आग लगने से नगद रुपए चारपाई बिस्तर कपड़े अनाज सहित हजारों रुपए की संपत्ति जल गई आग लगने की घटना की सूचना पर सभासद मोहम्मद एहसान उर्फ पप्पू साह मौके पर पहुंचे ।उन्होंने मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी तथा कस्बा लेखपाल धीरेंद्र श्रीवास्तव को भी सूचना दिया फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद लोगों की मदद से आपको बुझाया जा सका तब तक 50000 नगद चारपाई बिस्तर अनाज कपड़े सामान सहित कई हजार रुपए की संपत्ति जल गई कस्बा लेखपाल धीरेंद्र श्रीवास्तव ने आज की घटना में हुए नुकसान का आकलन किया ।बताया जाता है कि समीम की पुत्री नाजिया घर के अंदर खाना बना रही थी तभी चूल्हे के चिंगारी से आग लग गई आग बुझाने में पानी डालते समय गृह स्वामी समीम का 20 वर्षी पुत्र अयान करंट के चपेट में आ गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# फूल मालाओं के साथ एसएसआई सत्यदेव गौतम को दी गई विदाई

**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी /फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कोतवाली के सीनियर सब इंस्पेक्टर के स्थानांतरण होने पर उन्हें फूल मालाओं से लादकर विदाई दी गई ।इस मौके पर कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आज मंगलवार को बिंदकी कोतवाली परिसर में सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम को फूल मालाओं से लादकर विदाई दी गई। कोतवाली के सीनियर सब इंस्पेक्टर रहे सत्यदेव गौतम का पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ने फतेहपुर जनपद के ही खागा कोतवाली में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर ही स्थानांतरित किया है। इसी के चलते सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम का मंगलवार को फूल मालाओं से लाद कर स्वागत किया गया और उन्हें विदाई दी गई। सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम ने कहा कि बिंदकी कोतवाली में तैनाती के दौरान उन्हें जो प्यार इसने सम्मान व सहयोग मिला है उसे हमेशा हमेशा याद रखेंगे। कोतवाली प्रभारी नीचक



सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं वह अपने दायित्वों का निर्माण जिम्मेदारी से करते हैं। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर यश करण सिंह सब इंस्पेक्टर नीरज मोर सब इंस्पेक्टर अंकुर कैथवास सब इंस्पेक्टर रजनीश कुमार व एस के सरोज आदि मौजूद रहे।

# मेरठ में हलवाई की हत्या

- कारीगरों के बीच मारपीट; दुकानदार बोले–हार्टअटैक आया

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ, मेरठ में मिठाई की दुकान पर कारीगरों में शनिवार रात को मारपीट हो गई। एक कारीगर विपिन (24) को अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कई घंटे तक मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। लालकुर्ती पुलिस ने कारीगर से मारपीट के आरोपी को हिरासत में ले लिया। लालकुर्ती में कौशल स्वीट्स नाम से मिठाई की दुकान है। रात दुकान में काम करने वाले कारीगर विपिन और समीर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में विपिन बेहोश होकर नीचे गिर गया। विपिन को लोग पास के अस्पताल ले गए जहां से उसे दूसरे अस्पताल के रेफर कर दिया गया। अस्पताल में विपिन को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना कई घंटे तक पुलिस को नहीं दी गई। मौके पर मौजूद किसी शख्स ने पुलिस को सूचना दी तो मामले की जानकारी हुई। पुलिस ने विपिन के शव को मॉच्युर्री भिजवाया। इंस्पेक्टर लालकुर्ती संतोष कुमार का कहना है कि विपिन के शरीर पर चोट का कोई गंभीर निशान नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत के कारण आने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, समीर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। परिजन समीर पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। दुकानदार अमित का कहना था कि दोनों ने विवाद के बाद एक दूसरे को घूंसा मार दिया था। दोनों को हमने बुलाया और ऐसा नहीं करने को कहा। इसके बाद समीर और विपिन ने हाथ मिला।

दुकानदार का कहना है कि कुछ देर बाद विपिन भीतर जाकर आलू छील रहा था। अचानक बैठे-बैठे वह गिर गया। जिसके बाद विपिन को तुरंत मेट्रो अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी हार्टअटैक से मौत हो चुकी थी।

# चार सदस्यी टीम ने कोटेदार के धांधली का किया जांच



**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर ।सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर गडथौली में कोटेदार द्वारा किए जा रहे धांधली की जांच करने के लिए जिले से चार सदस्यीय टीम मौके पर भेजी गई थी। टीम ने ग्रामीणों के बयान लेकर हस्ताक्षर भी कराए। जिसमें ग्रामीणों ने कोटेदार पर आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा ग्रामीणों का अंगूठा लगाकर कर राशन वितरण नहीं किया जाता है। विरोध करने पर गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो जाता है ।टीम में शामिल अधिकारियों ने कहा की जांच रिपोर्ट जिला आपूर्ति अधिकारी को भेजी जायेगी ।इस दौरान आपूर्ति निरीक्षक महेंद्र, सत्यजीत, विशाल साहू, आशीर्वाद श्रीवास्तव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# गाजियाबाद में मकान में लगी भीषण आग

- आसपास के सात घर खाली कराए, फोटो फ्रेमिंग के सामान में धधकती रहीं लपटें

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद, गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में रात एक मकान में भीषण आग लग गई। आसपास के करीब 7 घरों को खाली कराते हुए उनमें मौजूद 20 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल की चार गाड़ियों ने घंटों बाद अग्निकांड पर काबू पा लिया। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया करीब 10 बजे फायर स्टेशन वैशाली पर सूचना प्राप्त हुई कि मधु विहार अहिल्या चौक खोडा कॉलोनी में एक मकान में भयंकर आग लगी हुई है। इस सूचना पर तत्काल फायर स्टेशन वैशाली से सीएफओ, एफएसओ सहित 4 फायर टेंडर्स, वाटर मिस्ट, डिजास्टर वैन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर जाकर देखा तो एक तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फोटो फ्रेमिंग का सामान भरा था, जिसमें काफी तेज आग लगी हुई थी।

फायर फाइटर्स ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना शुरू किया। आग की लपटों को देखते हुए रेस्क्यू टीम ने आसपास के सात मकान खाली कराए और उनमें मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर स्टेशन कोतवाली से 3 और एक फायर टेंडर साहिबाबाद से बुलाए गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग को कंट्रोल में किया गया। सीएफओ ने बताया कि आग को पूर्ण रूप से शांत किया गया।

इस आग में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर सर्विस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए आसपास के घरों को सुरक्षित बचा लिया।

## सपाइयों ने प्रदर्शन करके पत्रकारों को न्याय दिलाने की रखी मांग



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सरीला में पत्रकारों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार से नाराज सपाइयों ने मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन करके सरीला चेयरमैन सहित उसके साथियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का ज्ञापन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को सौंप कर पत्रकारों को न्याय दिलाने की मांग की है।

गत 27 अक्टूबर को खबर प्रकाशन से नाराज नगर पंचायत सरीला के अध्यक्ष पवन अनुरागी ने साथियों के साथ मिलकर दो पत्रकारों को बंधक बनाकर जमकर मारपीट करते हुए अमानवीय कृत्य करते हुए मूत्र पान कराया था। इसको एक्स हैंडल में सपा मुखिया ने टिप्पणी करके सरकार पर जमकर हमला बोला था। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में सपाइयों ने मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन करके जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए पत्रकारों को न्याय दिलाने की मांग की है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव, चंद्रवती वर्मा, ओमप्रकाश वारसी, रामप्रकाश प्रजापति, अशोक यादव, रवि यादव एडवोकेट, युगांक मिश्रा, गोकुल राजपूत, अरुण यादव आदि सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

## यातायात माह का शुभारंभ का जनपद में हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।यातायात शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ परेड ग्राउंड से किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना के द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। माननीय विधायक मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन तथा छात्र-छात्राओं की सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। इस रैली में छात्र छात्राएं सड़क सुरक्षा स्लोगन युक्त तख्तियां लेकर चल रहे



थे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता , एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ,एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह ,सीओ सदर राजेश कमल , सी ओ ट्रैफिक आशीष यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहर के विद्यालयों के छात्र-छात्रा ,शिक्षक गण ,प्रबंधक, ऑटो ,टैक्सी ,बस के चालक परिचालक यूपी पुलिस के आरक्षी, परिवहन, ट्रैफिक विभाग के स्टाफ ,पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान किया।

## ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकराई बाइक एक की मौत दूसरा रेफर

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया जहां तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गए। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की है।पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पिंडारा महाराज गांव के पास का है, जहां आज दोपहर करीब दो बजे मोटरसाइकिल सवार शिव प्रकाश दुबे उर्फ मोनू और आशीष शुक्ल सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गए। हादसे में शिव प्रकाश दुबे उर्फ मोनू पुत्र राजेंद्र दुबे निवासी मानपुर थाना मुसाफिरखाना की मौके पर मौत हो गई जबकि आशीष शुक्ला पुत्र वृंदा प्रसाद शुक्ला निवासी अंगूरी चिलौली थाना इन्हौना गंभीर रूप से घायल हो गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कांशीराम कालोनी की छत से गिरे युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे के मराठीपुरा स्थित काशीराम कॉलोनी में किराए के क्वार्टर में रह रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार के लिए परिजन खंडेह गांव ले गए हैं।युवक अविवाहित था और वह अकेले ही रह रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरभ निगम 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सतीश निगम मूल रुप से थाना मुस्करा क्षेत्र के बिहूनी गांव का निवासी था। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। मां और तीन बहने हैं। तीनों बहने शादीशुदा हैं। उसकी बड़ी बहन पूजा खंडेह गांव में रह रही है। सौरभ अकेले ही मौदहा के मराठीपुरा मोहल्ला स्थित काशीराम कॉलोनी के भवन खंड संख्या 113/ 53 में किराए से रह रहा था। यह कॉलोनी इदरीश नाम के व्यक्ति को एलाट है। पडोसियों के अनुसार बीती रात सौरभ की कॉलोनी में कई लोगों की आवाज सुनाई दे रही थी और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे वहां कोई पार्टी हो रही है। इसी के बाद किसी समय यह घटना हुई। घटना के संबंध में गांव निवासी और करीबी रिश्तेदार पुत्तन निगम तथा राहुल निगम ने बताया कि आज उन्हें पता चला कि सौरभ अपनी कॉलोनी की ऊपरी मंजिल से किसी समय गिर गया। सुबह जब उसे देखा गया तो तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उसे बेहद गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल के लिए रेफर किया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र की बड़ी आबादी वाले खंडेह गाव निवासी उसकी बड़ी बहन पूजा भी आ गई और वह उसे अपने गांव अंतिम संस्कार के लिए ले गई। इस संबंध में थाना प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि घटना की जानकारी मौखिक रूप से उन्हें दी गई थी लेकिन कोई भी लिखित सूचना उन तक नहीं आई और न ही उसकी मौत की सूचना दी गई। घटना संज्ञान में आई है तो जांच की जाएगी।

## धान की फसल का उत्पादन जानने के लिए डीएम ने कराई क्राप कटिंग

### किसान भाईयों से डीएम ने किया सीधा संवाद स्थापित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज तहसील गौरीगंज अंतर्गत ग्राम माधवपुर में जनपद में धान की फसल के उत्पादन जानने को लेकर क्रॉप कटिंग कराई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान कामता प्रसाद त्रिपाठी, गया प्रसाद, कमलेश व फूलचंद के खेत पर पहुंचकर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर धान की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा धान पिटवाकर उसका तौल भी कराया गया, जोकि क्रमशः 20.500 किग्रा, 22.26 किग्रा, 20.91 किग्रा तथा 21.600 किग्रा निकला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान भाईयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर धान बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होने कहा कि सरकारी धान क्रय केन्द्र पर किसान भाई धान बेचे ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। जिलाधिकारी ने इस दौरान किसान भाईयों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीक के गौशाला पर पराली को ले जाएं और वहां से गोबर की खाद लाकर अपने खेतों में डाले ताकि उनके खेतों की उर्वरक क्षमता भी बढ़े ताकि अन्न उत्पादन में गुणात्मक सुधार हो सके। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, तहसीलदार गौरीगंज नरेंद्र यादव, सहायक सांख्यिकी अधिकारी भूलेख भूपेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के डीसी अरविंद सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी सहित राजस्व विभाग की टीम व किसान भाई मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने कुछेछा स्थित खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मंगलवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने हेलापुर/ कुछेछा स्थित क्षेत्रीय सहकारी समिति / खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का मुआयना किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम खाद वितरण से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सभी किसानों को क्रमानुसार खाद वितरित किया जाए। खाद वितरण व्यवस्था में कर्मचारियो की संख्या को बढ़ाया जाए तथा सुचारू ढंग से खाद वितरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को खाद मिले यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिन किसानों ने अभी तक एक भी बार खाद नहीं ली है उनको प्राथमिकता के साथ खाद वितरित किया जाए। सभी किसानों को खाद मिलने के बाद ही किसी व्यक्ति को दोबारा खाद वितरित किया जाए। कहा कि वास्तविक किसानों को ही खाद दिया जाए। किसी भी दशा में किसी बिचौलिए को खाद नहीं वितरित होनी चाहिए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खाद का स्टॉक भी देखा तथा कहा कि समय से खाद की पर्याप्त उपलब्धता हेतु डिमांड कर लिया जाए तथा अपने पास खाद का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। उन्होंने कहा कि जैविक खाद सागरिका को भी किसानों को लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। सागरिका में जैविक खाद होने के कारण पैदावार अच्छी होती है तथा इसका नकारात्मक प्रभाव भी नहीं होता है।इस मौके पर जिलाधिकारी ने खाद वितरण व्यवस्था का किसानों से फीडबैक लिया तथा कृषकों से किसी तरह की समस्या या ओवर रेटिंग आदि के बारे में पूछताछ की। जिस पर किसानों द्वारा ओवर रेटिंग आदि की कोई भी समस्या नहीं बताई गई है। इस मौके पर सहायक निबंधक सहकारिता, सहायक जिला सहकारी अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाई ना बिकने पाए इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। कृषि विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आबकारी निरीक्षकगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## छठ पूजा स्थलों/घाटों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी( ब्युरो )जिलाधिकारी निशा अनन्त व पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थाना गौरीगंज अन्तर्गत छठ पूजा स्थलों/घाटों का निरीक्षण किया गया प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज को समुचित पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर शांतिपूर्ण त्यौहार सम्पन्न कराने हेतु आदेश-निर्देश दिये गये । इस दौरान प्रशिक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक व अन्य अधि0/कर्म0 गण मौजूद रहे ।

## निजामुद्दीनपुर चौराहे पर कलाकरो द्वारा भजन प्रस्तुति में झूमे भक्त

### गणेश लक्ष्मी पंडाल पर माँ अम्बे जागरण ग्रुप ने मचाया धमाल

अमन लेखनी समाचार





मुसाफिरखाना( अमेठी )। क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर चौराहे पर गणेश लक्ष्मी पंडाल पर माँ अम्बे म्यूजिकल जागरण ग्रुप के कलाकरो द्वारा विशाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेडी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के प्रबंधक व समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

युवाओं द्वारा मुख्य अतिथि को चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने कहा कि भक्ति भाव में जुड़े रहने से मन को तसल्ली के साथ ही मनुष्य के जीवन को मार्गदर्शन प्राप्त होता है।वही समाज में सामाजिक समरसता का भाव बढ़ता है जो राष्ट्र की एकता में सहायक होता है।वही नागरिकों में अच्छे गुण व संस्कार का समावेश होता है गायक आशीष सोनी सारस द्वारा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई।भजन गायको द्वारा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, मैया हमरो पर कृपा बनाए रखना आदि प्रकार के प्रस्तुत किए गए गीत दर्शकों के बीच समा बाधे रखा।इसी बीच प्रसाद वितरण तथा गायन व झांकी का प्रस्तुतीकरण देर रात तक चला। कार्यक्रम से जुड़े मोहित गुप्ता ने बताया कि सभी युवाओं के सहयोग से ही यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में आये हुए सभी अतिथियों का कार्यकताओं द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रमुख शिवकुमार सिंह, हनुमान जायसवाल, राजू ओझा, अतुल सिंह, सर्वेश सिंह, रवि तिवारी, राहुल शर्मा, जेबी यादव, उदय सिंह, अरविन्द त्रिलोकचंद्र, वंशराज, अजय सिंह, वेद गुप्ता, विवेक दूबे, अभय दूबे, नवनीत, शैलेंद्र, नरेंद्र यादव, दिलीप, सुरेश यादव, राजेंद्र गुप्ता, दिनेश चौरसिया, राम सजीवन यादव, शुभम गुप्ता, सोम सिंह, अरुण, सतनाम, राकेश, हसन, प्रशांत, धर्मेन्द्र यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मोहनगंज पुलिस द्वारा एक जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे उ0नि0 विजय नारायण पाण्डेय थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित, वारण्टी के दौरान एक जिला बदर अभियुक्त विनोद गुप्ता पुत्र रामसुमिरन गुप्ता निवासी ग्राम नसरतपुर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास से गिरफ्तार किया गया मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## सिल्ट सफाई में धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री से

### जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष ने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में सिल्ट सफाई के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है। इसकी शिकायत जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से करते हुए जांच कराने की मांग की है। जनसत्ता लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में अवगत कराया है कि मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच से सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के बण्डा, अतरार, मवईजार, चंदौली जार, नदेहरा, शादीपुर, विदोखर मेंदनी एवं विदोखर पुरई के किसानों के लिए सिंचाई के लिए पानी मुहैय्या होता है। रोस्टर के अनुसार पलेवा के लिए एक नवंबर से पानी मिलना चाहिए लेकिन यहां पानी की जगह सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिलाध्यक्ष का आरोप है कि बण्डा एवं सायर के मध्य सिल्ट सफाई में जमकर धांधली की गई है। सफाई के नाम पर महज खाना पूर्ति हो रही है। किसानों को पलेवा के लिए पानी कब मिलेगा कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। किसान नहर के पानी का आसरा त्याग कर निजी नलकूप मालिकों से पानी खरीद कर पलेवा करने को मजबूर हो रहा है। सिंचाई विभाग की इस धांधली एवं मनमानी पर जिले के जनप्रतिनिधि चुप है। इससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से सिल्ट सफाई में हो रही धांधली की जांच कराने की मांग के साथ तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है ताकि किसान समय पर पलेवा करके फसलें बो सके। सुमेरपुर ब्रांच के अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिलाध्यक्ष का आरोप निराधार है। सिल्ट सफाई के लिए पानी सूखने का इंतजार किया जा रहा है। पलेवा के लिए 15 नवंबर के बाद पानी छोड़ा जाएगा।

## विकास भवन में लगे निषाद पार्टी जिंदाबाद के नारे

### मंत्री संजय निषाद की मौजूदगी में नेताओं और कार्यकर्ता हुए उत्साहित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे, जहां उनका स्वागत कुछ इस अंदाज में किया गया कि विकास भवन का सभागार पार्टी कार्यालय की तरह गूंज उठा। मंत्री की मौजूदगी में सैकड़ों निषाद पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने जोश से नारे लगाए, जो अब चर्चा का विषय बन गए हैं।बैठक में उठी निषाद की मांगमंत्री संजय निषाद ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। इसके बाद जब वह विकास भवन सभागार पहुंचे, तो वहां की हवा जैसे पूरी तरह से बदल गई। सभा में उपस्थित कार्यकताओं ने जोर-शोर से नारे लगाना शुरू कर दिया, ‘निषाद चाहिए, निषाद चाहिए !’। मंत्री जी ने भी इस माहौल का आनंद लिया और कहा कि विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा में उनकी पार्टी की आवश्यकता है विकास भवन के इस नारेबाजी के दृश्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कार्यकताओं के उत्साह ने यह साबित कर दिया है कि निषाद पार्टी में एकजुटता और जोश किस हद तक है। मंत्री संजय निषाद के इस दौरे के दौरान कार्यकताओं का यह प्रदर्शन अमेठी में राजनीतिक हलचल को और तेज कर सकता है। अब सबकी नजरें इस बात पर होंगी कि क्या निषाद पार्टी अपनी मांगों को पूरा करवा पाएगी या फिर यह महज एक राजनीतिक शो की तरह रह जाएगा।

## जमीनी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

### कुल्हाड़ी से हमला, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के पूरे मतन कंजास गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।यह घटना भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में हुई, जहां विशेषर नाम के व्यक्ति का उसके पड़ोसी सुधराम से पुराना जमीनी विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह इसी रंजिश के चलते दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। जानकारी के अनुसार, सुधराम ने अपने परिजनों के साथ मिलकर विशेषर के परिवार पर हमला किया। इस हमले में रेनू, राजभवन और विशेषर गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों की हालत को देखते हुए तुरंत उन्हें जगदीशपुर अस्पताल लाया गया, जहां विशेषर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर किया गया। थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि रेनू की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों सुधराम, राजकुमारी, प्रदीप और शशि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# अक्षय के साथ रोमांटिक सीन करने में झिझकतीं थीं करीना

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करीना कपूर खान और अक्षय कुमार ने कई फिल्मों में काम किया है। करीना ने एक बार खुलकर बताया था कि अक्षय के साथ रोमांस करना कितना 'अजीब' लगता था, जबकि वह उनकी बहन करिश्मा के को-स्टार थे। करीना कपूर ने बताया कि कैसे वे अक्षय कुमार और अपनी बहन की फिल्म के सेट पर जाती थीं और वहां खेलती थीं। करीना ने कहा कि मैं करिश्मा कपूर के सभी सह कलाकारों के साथ रोमांस कर रही हूं। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार जब फिल्में कर रहे थे, तब मैं स्कूल यूनिफॉर्म में थी। करिश्मा कपूर मेरी बड़ी बहन हैं, उनके सह कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए थोड़ा अजीब रहा है।

लाइफ Style

# साई
## सीता के किरदार में आएंगी नजर

अभिनेत्री साई पल्लवी ने भारतीय फिल्म उद्योग में अपने लिए एक अलग पहचान बना ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के बाद, अब साई, रणबीर कपूर अभिनीत रामायण से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इतने शानदार करियर के साथ, साई पल्लवी की संपत्ति अच्छी खासी है, जो उनकी उनकी सफलता को दर्शाती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, साई पल्लवी की वर्तमान कुल संपत्ति लगभग 47 करोड़ रुपए है। उनकी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा मलयालम, तेलुगु और तमिल सिनेमा में उनकी फिल्मों से आता है। वह कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट भी करती हैं। साई ने हाल ही में सुर्खियां बटोरीं क्योंकि उन्होंने पहले कई ब्रांड एंडोर्समेंट को अस्वीकार कर दिया था। अमरन अभिनेत्री एक फिल्म के 2.5 करोड़ से 3 करोड़ रुपए लेती हैं। हालांकि, उन्होंने नितेश तिवारी की रामायण में अपनी भूमिका के लिए 6 करोड़ रुपए की डिमांड की है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फिल्म बड़े पैमाने पर है। इस फिल्म में साई के अलावा रणबीर कपूर और केजीएफ स्टार यश के होने की भी संभावना है। साई पल्लवी अपने विनम्र स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लेकिन तमिलनाडु के कोयंबटूर में उनका एक खूबसूरत घर भी है। अभिनेत्री अक्सर अपने परिवार के साथ उस आलीशान घर में क्वालिटी टाइम बिताती हैं। उनके पास मित्सुबिशी लांसर इवो एक्स और ऑडी क्यू 3 सहित कुछ शानदार कारें भी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# सिनेमाघरों में बंद हो विज्ञापन

**लॉस एंजिल्स।** 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' के निर्देशक टॉड फिलिप्स एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि, इस बार टॉड अपनी किसी नई फिल्म के ऐलान को लेकर नहीं, बल्कि अपने एक सुझाव के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। निर्देशक ने दर्शकों को सिनेमाई अनुभव देने के लिए थिएटर श्रृंखलाओं को एक खास सुझाव दिया है। उनका कहना है कि फिल्म दिखाने से पहले प्रदर्शित किए जाने वाले कमर्शियल को बंद किया जाना चाहिए। ऑस्कर विजेता टॉड फिलिप्स ने कहा, 'फिल्मों से पहले विज्ञापन दिखाना बंद करें।



# कई अवॉर्ड्स से सम्मानित थे दिग्गज क्विंसी जोन्स

**लॉस एंजिल्स।** संगीत दिग्गज क्विंसी जोन्स को माइकल जैक्सन के साथ उनके काम के लिए जाना जाता था। उन्होंने जैक्सन के प्रतिष्ठित एल्बम 'थ्रिलर' का निर्माण किया, जिसकी 65 मिलियन प्रतियां बिकीं और यह अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला एल्बम बन गया। शिकागो के साउथ साइड की सड़कों से मनोरंजन उद्योग तक की उनकी यात्रा एक उल्लेखनीय कहानी है। 2001 में प्रकाशित उनकी आत्मकथा 'क्यू' में उन्हें मिले कई सम्मान और पुरस्कारों की सूची है। 18 पृष्ठों में फैले, जोन्स ने रूट्स पर अपने काम के लिए 28 ग्रैमी पुरस्कार, दो मानद अकादमी पुरस्कार और एक एमी अर्जित किए थे। क्विंसी ने 91 वर्ष की आयु में आखिरी सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। क्विंसी की विशाल विरासत माइकल जैक्सन के ऐतिहासिक थ्रिलर एल्बम के निर्माण से लेकर पुरस्कार विजेता फिल्म और टेलीविजन स्कोर लिखने तक थी।



# डेनियल से सनी ने दूसरी बार रचाई शादी

**मुंबई।** अभिनेत्री सनी लियोनी ने दूसरी बार शादी रचा ली है। हालांकि, दूसरी बार भी उन्होंने पति डेनियल वेबर के साथ ही जीने-मरने की कसमें दोहराई हैं। सनी और डेनियल ने साल 2011 में शादी की थी। वहीं, शादी के 13 साल बाद जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में दोबारा शादी की। हालांकि, न तो सनी और न ही डेनियल ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। लेकिन, रिपोर्ट के अनुसार, इसमें केवल उनके बच्चे-निशा, नूह और अशर ही शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पारंपरिक आनंद कारज समारोह में शादी करने के 13 साल बाद सनी और डेनियल ने व्हाइट वेडिंग चुनी। दोनों काफी समय से अपनी शादी की प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इंतजार किया क्योंकि वे चाहते थे कि उनके बच्चे इस समारोह के महत्व को समझें।



# 95 दिन के इंतजार के बाद हुई मुलाकात

**मुंबई।** शाहरुख खान ने अपने एक प्रशंसक से मुलाकात की जो, पिछले 95 दिनों से उनसे मिलने का इंतजार कर रहा था। प्रशंसक झारखंड से अपनी दुकान बंद करके केवल अभिनेता से मिलने मुंबई आया है। शाहरुख खान के वैसे तो दुनियाभर में लाखों-करोड़ों प्रशंसक हैं, लेकिन उनमे से कुछ प्रशंसक उन्हें इतना चाहते हैं कि सारी हदे पार कर देते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ जब उनका झारखंड से आया एक प्रशंसक 95 दिनों से उनसे मिलने का इंतजार करता रहा। अंत में वह अपने पसंदीदा अभिनेता से मिल पाया। सोशल मीडिया पर अब उसके शाहरुख खान के साथ वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। शाहरुख खान ने 2 नवंबर को अपना जन्मदिन मनाया। देश-विदेश से उन्हें प्रशंसकों की ढेर सारी शुभकामनाएं मिलीं।

टीवी मसाला



# एक्ट्रेस जुबैदा को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर छिड़ गया विवाद

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन के हाल के एपिसोड में पूछे गए एक सवाल को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और सीरीज सिटाडेलः हनी बनी के निर्देशक सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। शो में अभिनेत्री जुबैदा से जुड़ा एक ऐतिहासिक सवाल पूछा गया। इसे लेकर जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने आलोचना की है, जिन्होंने शो में रिसर्च की कमी बताई है। केबीसी शो में जुबैदा को लेकर सवाल किया गया कि किस अभिनेत्री का अपने पति जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह के साथ विमान दुर्घटना में दुखद निधन हो गया? जवाब के विकल्पों में सुलोचना, मुमताज, नादिरा और जुबैदा शामिल थीं। कुछ विचार-विमर्श के बाद और अपनी तीन लाइफ लाइन में से दो का उपयोग करने के बाद, जिसमें सिटाडेलः हनी बनी के लेखक को कॉल करना भी शामिल था, वरुण और राज ने जुबैदा को अपना उत्तर चुना, जिसे शो द्वारा सही माना गया। इस पर दिवंगत अभिनेत्री जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने तुरंत इस गलती को इंगित किया। हकीकत में उनकी मां का विवाह हैदराबाद के महाराज नरसिंहगिरी धनराजगीर ज्ञान बहादुर से हुआ था, महाराजा हनवंत सिंह से नहीं। इस प्रकरण के बाद खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'यह मेरी दिवंगत मां जुबैदा बेगम हैं। आलम आरा के बनने के समय उनका जन्म नहीं हुआ था। इस गलती के लिए कार्यक्रम में माफी मांगना ही कम से कम आप कर सकते हैं।'

## धमकी और गाली-गलौज से गूंजा बिग बॉस का घर

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18' का लेटेस्ट एपिसोड विवादों से भरा रहा। तीन नवंबर के वीकेंड का वार पर अभिनेता रवि किशन ने एक खास सेगमेंट का आयोजन किया। इस दौरान रजत दलाल की अविनाश मिश्रा और




विवियन डीसेना के साथ बहस भी हुई। रिपोट्र्स के मुताबिक रजत दलाल को घर के सदस्यों के साथ गाली गलौज करते हुए भी देखा गया। इस दौरान रजत ने लड़ाई-झगड़े की बात भी स्वीकार की और कहा कि वह विवियन को सबक भी सिखा सकते हैं, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट के कारण ऐसा नहीं कर सकते। रविवार की रात के एपिसोड की शुरुआत रजत दलाल और श्रुतिका अर्जुन द्वारा घरवालों के लिए मेन्यू तय करने से हुई। उन्होंने कॉफी देने से इनकार किया और अविनाश मिश्रा ने इस बारे में उनसे सवाल किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे रजत ने कॉफी को बुनियादी राशन बताया, लेकिन जेल के अंदर जाने के बाद से वह इसे विलासिता कह रहे हैं। रजत ने यह भी माना कि वह अपने शब्दों पर कायम नहीं हैं।

ब्रेकअप के बाद 3 बच्चों के पिता से की शादी

# टॉप एक्टर्स से हुआ था इस एक्ट्रेस को प्यार...

**नई दिल्ली।** तस्वीर में दिख रही ये जहीन सी बच्ची बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस रही है। जिसकी एक्टिंग का मुकाबला आज भी हर कोई एक्ट्रेस नहीं कर सकती. और, डांस के मामले में जो ग्रेस और लचक इस एक्ट्रेस ने दिखाई, उस पर आज भी जमाना फिदा है। अपने दौर के बड़े से बड़े सितारे के साथ इस एक्ट्रेस ने स्क्रीन शेयर की और मेजर रोल्स अदा किए। उन्हीं में से कुछ के साथ नाम भी जुड़ा और रोमांस भी खूब हुआ। लेकिन, जब शादी की बात आई तो एक्ट्रेस ने अपने डिसिजन से अपने हर चाहने वाले को चौंका दिया। ये बच्ची कोई और नहीं, उस दौर की टॉप एक्ट्रेस वैजयंती माला हैं।



***इन एक्टर्स के साथ ऑन और ऑफ स्क्रीन रहा रोमांस :*** वैजयंती माला ने अपने फिल्मी करियर के दौरान तकरीबन हर टॉप एक्टर के साथ काम किया। जिसमें देवानंद, शम्मी कपूर, राज कपूर, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र सबके नाम शामिल हैं। इनमें से राज कपूर और दिलीप कुमार के साथ उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री भी खूब पसंद की गई और पर्दे के पीछे भी उनके रोमांस की खबरें आती रही। राज कपूर के बारे में तो यहां तक कहा जाता है कि उनकी पत्नी कृष्णा राज कपूर दोनों से जुड़ी खबरें सुनकर खासी नाराज हो गईं थीं। इस नाराजगी में वो बच्चों सहित घर छोड़ कर होटल में रहने लगी थीं। उनकी घर वापसी इसी शर्त पर हुई कि राज कपूर कभी वैजयंती माला के साथ काम नहीं करेंगे। इन खबरों के बाद वैजयंती माला को करियर के स्तर पर भी कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

***तीन बच्चों के पिता से हुआ प्यार:*** वैजयंती माला और राज कपूर का रिश्ता तो टूट गया। लेकिन, वैजयंती माला को उन्हीं के डॉक्टर में अपना लव ऑफ लाइफ नजर आया। वैजयंती माला ने जिस शख्स से शादी रचाई, वो थे राज कपूर के डॉक्टर चमनलाल बाली। उस दौर में चमन लाल बाली खुद वैजयंती माला के बड़े फैन हुआ करते थे। दोनों ने पसंद मिलने के बाद 1968 में 10 मार्च को शादी रचा ली। जब ये शादी हुई तब चमन लाल बाली पहले से ही शादीशुदा थे और तीन बच्चों के पिता थे।

# *बहन को देख लगा एक्टिंग का चस्का, फ्लॉप मूवी से चमकी किस्मत, सुपरस्टार संग की 'कुली नंबर 1'*

*__नई दिल्ली।__ एक्ट्रेस जब छोटी थीं, तब उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। वे 53 साल की हो गई हैं और बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने नेशनल अवॉर्ड सहित कई पुरस्कार जीते हैं। उनकी मां एक स्कूल टीचर थीं और बड़ी बहन एक मशहूर एक्ट्रेस थीं, जिन्हें देखकर उन्हें एक्टिंग का चस्का लगा था। उन्होंने फिल्म 'प्रेम' में काम किया, जिसे बनाने में बोनी कपूर को 8 साल लग गए थे। फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन यहां से तब्बू को खास पहचान मिली। बोनी कपूर दिसंबर 1987 में दो फिल्में लॉन्च की थीं- 'रूप की रानी चोरों का राजा' और 'प्रेम'। प्रेम में तब्बू को संजय कपूर के अपोजिट साइन किया गया था। फिल्म को बनने में 8 साल लग गए और यह बोनी कपूर के प्रोडक्शन करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म साबित हुई, लेकिन इस फिल्म के बाद तब्बू का*



*करियर खूब आगे बढ़ा। तब्बू ने मिड-डे को दिए एक इंटरव्यू में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत के बारे में बताया था। एक्ट्रेस कहा था, 'हम गर्मियों में नानी के घर छुट्टियां बिताने जाते थे। चूंकि मेरी मां के बड़े भाई ईशान आर्य सिनेमैटोग्राफर थे। उन्होंने गरम हवा (1973), बाजार (1982) की शूटिंग की थी। मैं उनके बेटों समीर और सागर के साथ बड़ी हुई। हम भाई-बहन की तरह थे. एक बार मेरी बहन फराह और मैं देव आनंद साहब के दफ्तर में थे, जहां वह एक स्क्रीन टेस्ट ले रहे थे, चूंकि उन्हें लगा कि वह बहुत सुंदर है, इसलिए उसका भी स्क्रीन टेस्ट लिया।' तब्बू ने आगे बताया था, 'एक दिन हमें यश चोपड़ा का फोन आया। उन्होंने मेरी मां को बहन को फिल्म 'फासले' में कास्ट करने की अपनी इच्छा के बारे में बताया।*

## 'पहला पहला प्यार' थी पहली हिन्दी फिल्म

*तब्बू ने आगे कहा, 'शेखर कपूर अंकल ने मुझे देखा और कहा कि मुझे उनकी फिल्म 'प्रेम' से डेब्यू करना है, जिसे मैंने मना कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं सिर्फ एक फिल्म करूं और फिर वे मुझे पढ़ाई के लिए विदेश भेज देंगे, जो कभी नहीं हुआ. मैंने फिल्म की, मगर उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया।' बहुत कम लोग जानते हैं कि तब्बू ने एक्ट्रेस के तौर पर पहला रोल साउथ सुपरस्टार वेंकटेश के साथ तेलुगू फिल्म 'कुली नंबर 1' में निभाया था, जो साल 1991 में रिलीज हुई थी। तब्बू की लीड एक्ट्रेस के तौर पर हिंदी में पहली फिल्म 'पहला पहला प्यार' थी, जो 1994 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*

दो गुलाब, आओ प्यार करें, भाई आखिर भाई होता है जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था उन्हें

# दिलीप कुमार-अमिताभ बच्चन से भी थी हेलेना ल्यूक की दोस्ती

*भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पहली पत्नी हेलेना ल्यूक का अमेरिका में निधन हो गया है। मशहूर डांसर और अभिनेत्री कल्पना अय्यर ने इस खबर की जानकारी दी है। हेलेना पिछले कुछ समय से बीमार थीं। हेलेना की जिंदगी में उनके दोस्त काफी मायने रखते थे।*

**नई दिल्ली।** हेलेना ल्यूक एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री और मॉडल थीं, जिनका जन्म मुंबई में हुआ था। वह संयुक्त राज्य अमेरिका में रहती थीं। उन्हें दो गुलाब (1983), आओ प्यार करें (1983), भाई आखिर भाई होता है (1982) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। अमिताभ बच्चन की फिल्म 'मर्द' में हेलेना ने खास किरदार निभाया था। उनकी दोस्ती बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों से थी, जिनमें दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, जयदीप सेन और कल्पना अय्यर का नाम शामिल है। अभिनय के बाद हेलेना ने डेल्टा एयरलाइंस में भी काम किया था। हेलेना के कई दोस्त रहें, लेकिन उन सभी में सबसे करीबी दोस्त जयदीप सेन और कल्पना अय्यर रहीं। हालांकि, इस लिस्ट में अमिताभ बच्चन और दिलीप कुमार का नाम भी शामिल है।

## हेलेना के करीबी दोस्त

हेलेना ने बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ गुजराती थिएटर में काफी काम किया। हेलेना ल्यूक के बॉलीवुड में कुछ दोस्त भी थे, जिनमें सबसे खास निर्देशक जयदीप सेन और मशहूर डांसर और अभिनेत्री कल्पना अय्यर रही हैं। वैसे तो हेलेना के फेसबुक पर हजारों दोस्त हैं, लेकिन उनके सबसे खास दोस्तों में जयदीप और कल्पना का नाम सबसे ऊपर रहा है। जयदीप और कल्पना के अलावा हेलेना की दोस्ती अमिताभ बच्चन और दिलीप के साथ भी थी। हेलेना बॉलीवुड अभिनेत्री रही हैं, यह स्वाभाविक है की उनकी दोस्ती कई बॉलीवुड कलाकारों से रही होगी। इस एक तस्वीर में हेलेना के साथ अमिताभ बच्चन और दिलीप कुमार नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर हेलेना के दोस्त निजार ने खिंची थी।



## जयदीप सेन-हेलेना की दोस्ती

निर्देशक जयदीप सेन को गुम है किसी के प्यार में (2020) और तेरी मेरी डोरियां (2023), फिल्म क्रेजी 4 के निर्देशक के लिए जाना जाता है। निर्देशक जयदीप सेन ने कृष 3 के लिए भी काम किया है। जयदीप और हेलेना एक-दूसरे के काफी अच्छे दोस्त रहे हैं।

## कल्पना अय्यर-हेलेना की दोस्ती

हेलेना बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर डांसर और एक्ट्रेस थीं। हेलेना अपनी दोस्त कल्पना अय्यर के काफी करीब थीं। कल्पना ही है, जिन्होंने हेलेना की मृत्यु की जानकारी सबसे पहले सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की।